दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 132 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, सोमवार 01 जून, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162

# स्मार्ट मुख्यमंत्री का युवाओं से स्मार्ट संवाद: सरकार की योजनाओं को जन -जन तक पहुंचाने की अपील की

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का एक बार फिर से स्मार्ट फेस रविवार को मुख्यमंत्री आवास पर उस समय देखने को मिला जब भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उनसे सीधा संवाद करने के लिए पहुंचे थे। मुख्यमंत्री शर्मा ने अपने यहां आए युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को अपने ओजस्वी और स्मार्ट भाषण से विकसित राजस्थान में अपनी अहम भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया मुख्यमंत्री शर्मा के ओजस्वी और प्रभावी संवाद से युवाओं के चेहरे खिल उठे और उन्होंने कार्यक्रम के समापन के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की वर्किंग स्टाइल और उनको प्रभावी संवाद करने कला की खूब जमकर प्रशंसा की मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस प्रभावी जन संवाद में आए युवाओं को सरकार की ओर से युवाओं के कल्याण और विकास के लिए की जा रही सभी प्रकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उन्होंने युवाओं से केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की ओर से संचालित की जा रही योजनाओं का प्रचार प्रचार शानदार करने की अपील की और कहा कि गांव-गांव शहर शहर जाकर युवाओं को सरकार की ओर से संचालित की जा रही योजनाओं की जानकारी दें ताकि जो युवा सरकार की योजनाओं से अनजान हैं वे युवा सरकार की योजनाओं का फायदा उठा सकें ।





**भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा से जुड़े कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री आवास पर अपने लोकप्रिय चीफ मिनिस्टर का शानदार तरीके से किया स्वागत, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी अपने ओजस्वी और स्मार्ट भाषण से युवाओं का जीत लिया दिल**

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा हम चार लाख सरकारी और 6 लाख निजी क्षेत्र में युवाओं को नौकरी देंगे

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम में मौजूद युवाओं से कहा कि हमने अब तक सवा लाख सरकारी नौकरियां दे दी है सवा लाख नई नौकरियों का कैलेंडर जारी किया हुआ है और करीब 153000 सरकारी नौकरियां प्रक्रिया में चल रही है इसके अलावा निजी क्षेत्र में भी हमने प्रदेश के सभी जिलों में रोजगार मेलों का आयोजन करके अच्छी कंपनियों में स्थानीय स्तर पर ही युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवा रहे हैं । उन्होंने कहा कि हम सरकारी क्षेत्र में चार लाख और निजी क्षेत्र में 6 लाख युवाओं को नौकरी देने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहे हैं । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में पिछले सवा दो साल में हमारी सरकार की नीतियों और निर्णय से प्रदेश में उद्योगों का अच्छा माहौल बना है इसलिए यहां बड़े स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं इसके अलावा युवाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबन बनाने के लिए हमने 50 लाख से एक करोड़ रुपए तक का लोन फ्री ब्याज पर उपलब्ध करवाया है ताकि राजस्थान का युवा नौकरी लेने वाला नहीं बल्कि नौकरी देने वाला बन सके मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हमने प्रदेश के युवाओं की भलाई और कल्याण के लिए तथा युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए युवा नीति तैयार की है युवा नीति के माध्यम से हम प्रदेश के युवाओं के भविष्य को चमकाने में सतत रूप से प्रयास कर रहे हैं ।

## विकसित राजस्थान के विजन को साकार करने में युवा निभाए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत 2047 के विजन को सामने रखकर सरकार की योजनाएं तैयार कर उन्हें धरातल पर ला रहे हैं जिसमें हम भी विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए राजस्थान को विकसित राजस्थान बनाने की दिशा में सतत रूप से कार्य कर रहे हैं इसमें युवाओं को अपनी बड़ी भूमिका निभानी होगी । उन्होंने युवाओं से कहा कि राजस्थान सरकार उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हुई है और युवाओं को उनकी चॉइस के मुताबिक उन्हें अच्छा प्लेटफार्म उपलब्ध कराने की दिशा में भी सरकार पूरी तरह से तैयार खड़ी है इसलिए युवाओं को भी अपनी जिम्मेदारी और उत्तरदायित्व को गंभीरता से समझना होगा और विकसित राजस्थान की परिकल्पना को साकार करने के लिए सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करना होगा।

## सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाएं, राष्ट्र प्रथम की भावना से कम करें

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम में मौजूद युवाओं से कहा कि केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की ओर से अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संपादित की जा रही हैं इसलिए इन योजनाओं की जानकारी प्रदेश में प्रत्येक घर और प्रत्येक व्यक्ति तक उपलब्ध करवाने में युवा अपनी बड़ी भूमिका निभाई ताकि जिन लोगों को और जिन युवाओं को सरकार की योजनाओं की जानकारी नहीं है वे लोग भी सरकार की योजनाओं का फायदा उठा सके मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई लोगों और कई युवाओं को सरकार की योजनाओं की जानकारी नहीं होती है हालांकि सरकार अपने स्तर पर इन योजनाओं का प्रचार प्रचार भी करती है लेकिन फिर भी अगर हम फील्ड में जाकर प्रत्येक परिवार और प्रत्येक व्यक्ति से मिलकर सरकार की योजनाओं की जानकारी शेयर करेंगे तो इससे बड़ा कोई दूसरा पुण्य का काम नहीं होगा और ऐसा करने से पार्टी का संगठन को भी मजबूती मिलेगी और सरकार के प्रति लोगों और युवाओं का भरोसा और मजबूत होगा ।

## युवाओं को खून के आंसू रुलाने वाले लोगों को छोड़ेंगे नहीं

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार में एक के बाद एक सभी भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुई जिसकी वजह से पूरे 5 साल तक राजस्थान का युवा नौकरी के लिए तरसता रहा और पेपर लीक होने की वजह से राजस्थान का युवा खून के आंसू रोता रहा लेकिन हमने पेपर लीक करने वाले दोषी लोगों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा है चाहे कोई कितना ही बड़ा प्रभावशाली व्यक्ति क्यों ना हो अगर वह दोषी पाए जाएगा तो उसे निश्चित रूप से जेल भेजा जाएगा उन्होंने कहा कि हमने पेपर लीक के मामलों की जांच में बड़ी कार्रवाई करते हुए 400 लोगों को जेल भेजा है द्य मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार के कार्यकाल में अब तक करीब 350 सरकारी भर्ती परीक्षाओं का आयोजन हुआ लेकिन इनमें एक भी परीक्षा का पेपर लीक नहीं हुआ उन्होंने कहा कि हम युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले लोगों को छोड़ेंगे नहीं ।

# बाइक, गाड़ी का बीमा हो सकता है तो पशुओं का क्यों नहीं ? हमने पशुपालन और किसान की भलाई के लिए कई बड़े फैसले लिए: भजन लाल शर्मा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को जयपुर में बिरला सभागार में लोकमाता अहिल्यादेवी की 301वीं जयंती के राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि लोकमाता अहिल्या देवी ने भारतीय संस्कृति धर्म के प्रति जबरदस्त लगाव था और उन्होंने देश के कई बड़े प्रमुख मंदिरों में विकास कार्य करवाएं चाहे वह काशी का विश्वनाथ मंदिर हो या फिर पुष्कर का ऐसे अनेक मंदिर हैं जहां माता अहिल्याबाई ने कार्य करवाए। आज माता अहिल्याबाई के कार्यों को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं देशभर के मंदिरों में मोदी सरकार की ओर से करोड़ों रुपए के विकास कार्य करवाए गए और राजस्थान में भी हम मंदिरों में बड़े पैमाने पर विकास कार्य करवा रहे हैं । मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि खाटू श्याम जी, श्रीनाथजी, सालासर वाले हनुमान जी, करणी माता मंदिर, सांवलिया जी सेठ, गिरिराज जी मंदिर इत्यादि सभी मंदिरों में हमारी सरकार काम करवा रही है मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि लोकमाता अहिल्या देवी ने आज से 300 साल पहले ही सुरक्षा में महिलाओं की सैनिक टुकड़ी नियुक्त कीजिए जो यह बताती है कि उनकी महिलाओं के प्रति कितनी सकारात्मक सोच थी । उन्होंने कहा कि लोकमाता अहिल्यादेवी एक श्रेष्ठ शासक और न्याय की देवी की मानी जाती थी उन्होंने कहा किलोकमाता अहिल्यादेवी के किए गए अच्छे कार्यों का आज भी समाज पर अच्छा प्रभाव है। इसका उदाहरण यह है कि आज भी सभी प्रमुख मंदिरों में समाज की धर्मशालाएं आसानी से देखने को मिल जाती हैं । मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रदेश भर से कार्यक्रम में आए समाज के लोगों से कहा कि धर्म, जनसेवा और राष्ट्र सेवा के प्रति आप में जो भाव है ऐसा भाव किसी दूसरे समाज में देखने को नहीं मिलता। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से कहा कि आपने पशुपालन के क्षेत्र में जो कार्य किया उससे एक तरफ प्रदेश और राष्ट्र की इकोनॉमी को मजबूत करने का काम किया है तो दूसरी तरफ आपने भारत की विरासत सभ्यता संस्कृति और धर्म को भी जीवंत रखने में बड़ी भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने किसान और पशुपालन की भलाई और विकास के लिए पिछले सवा दो साल में कई बड़े फैसले लिए हैं ।उन्होंने कहा कि मैं खुद किसान और पशुपालक हूं इसलिए किसान और पशुपालक की पीड़ा को अच्छी तरह से समझता हूं इसीलिए हमने किसान और पशुपालक की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं । मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने एक तरफ जहां पशुओं का बीमा करवाने के काम को शुरू किया तो दूसरी तरफ किसान क्रेडिट कार्ड की तरह पशुपालन के लिए गोपालन कार्ड शुरू किया । जिसमें पहले 100000 रुपए की सुविधा इस कार्ड के माध्यम से पशुपालक उठा सकता था बाद में जब उनसे पशुपालक मिले तो उन्होंने कहा यह राशि कम है इस राशि को सवा लाख कर दो तो मैं सवा लाख की जगह डेढ़ लाख रुपए गोपालन कार्ड के लिए सुनिश्चित किया । इसी तरह से बीमार पशुओं की देखने के लिए मोबाइल वैनिटी गाड़ी की गई जिसके माध्यम से बीमार पशुओं का इलाज करवाने के लिए आप यह मोबाइल में आपके घर तक पहुंचेगी । मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान पूरे देश में दुग्ध उत्पादन करने में नंबर वन है लेकिन यहां प्रोसेसिंग यूनिट के मामले में हम थोड़ा पीछे हैं अब प्रदेश में विभिन्न डेरी में प्रोसेसिंग यूनिट की क्षमता को भी बढ़ाया जा रहा है । और नए यंत्र उपकरण के माध्यम से भी प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित की जा रही है उन्होंने कहा कि हम प्रदेश में दूध की उत्पादन क्षमता को और भी बढ़ाना चाहते हैं इसलिए प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने की दिशा में हमारी सरकार तेजी से काम कर रही है ताकि दूध के क्षेत्र में राजस्थान भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में अपना सिक्का जमाए ।




**लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 301वीं जयंती के राज्य स्तरीय समारोह का बिरला सभागार में आयोजन, कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ और गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह भी रहे मौजूद, मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में गडरिया समाज को जयपुर में हॉस्टल के लिए जमीन देने की घोषणा की**

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सालों से गडरिया समाज की हॉस्टल की मांग को किया पूरा

इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सालों से चली आ रही गडरिया समाज की जयपुर में हॉस्टल खोलने की डिमांड को पूरा किया और जयपुर में गडरिया समाज के छात्र-छात्राओं के लिए हॉस्टल के लिए जमीन देने की घोषणा की मुख्यमंत्री की इस घोषणा के बाद प्रदेश के गडरिया समाज के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई ।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसान, युवा, मजदूर, महिला यह चार जातियां ही मानते हैं

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में सिर्फ चार जातियां मानते हैं यह चार जातियां किसान, युवा, मजदूर और महिला है और इन चार जातियां के कल्याण और विकास को आधार मानकर ही हमारी सरकार योजनाएं तैयार करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा इन चार जातियों के विकास और कल्याण को ध्यान में रख करके ही योजनाएं बनाते हैं उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने भी किसान युवा महिला और मजदूर के कल्याण और विकास के लिए कई कदम उठाए है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में शासन की बागडोर हाथ में लेने के बाद हमारी सरकार ने प्रदेश के समुचित और सर्वांगीण विकास के लिए वर्तमान और भविष्य दोनों को ध्यान में रखते हुए रोड मैप तैयार किया और उसी रोड मैप के आधार पर हमारी सरकार ने पिछले सवा दो साल से पानी, बिजली, सड़क, उद्योग, कृषि, शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, महिला कल्याण इत्यादि सभी क्षेत्रों में बड़े-बड़े निर्णय लिए और बड़ी-बड़ी योजनाएं शुरू की है जिसमें पानी के क्षेत्र में भी हमने प्रदेश के सभी जिलों में पीने का पानी और खेती के लिए समुचित पानी उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहे हैं और बिजली उत्पादन में भी हमने शानदार काम किया है हम बिजली उत्पादन में भी बहुत जल्दी ही आत्मनिर्भर बन जाएंगे और 2027 में किसान, उद्योगपति और आम उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली उपलब्ध करवाएंगे ।



# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
01 जून, 2026


## वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान अभियान के जिले में 1 जून को आयोजित होंगी विभिन्न गतिविधियां

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिले में वर्षा जल को सहेज कर भूजल स्तर बढ़ाने तथा जल संचयन के उद्देश्य से संचालित वंदे गंगा 'जल संरक्षण- जन अभियान के तहत 1 जून को जिलेभर में जल संरक्षण से संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि 1 जून को कृषि एवं उद्यान विभाग द्वारा प्राकृतिक, जैविक, प्रीसीजन खेती, सूक्ष्म सिंचाई पद्धति पर कार्यशाला एवं प्रदर्शनी का आयोजन, लघु सिंचाई संयंत्रों की प्रदर्शनी, प्रगतिशील कृषकों से चर्चा, किसान चौपाल, कृषि विज्ञान केंद्रों पर संगोष्ठी एवं कृषि शिक्षा कार्यशाला, डिग्गियों की साफ-सफाई आदि कार्य कराए जाएंगे तथा कृषि विभाग व उद्यानिकी विभाग द्वारा सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा एवं अमृत सरोवर, प्रमुख झीलों, बांधों पर कृषक कल्याण हेतु जल प्रार्थनाएं आयोजित की जाएगी।

## नशामुक्त जीवन ही स्वस्थ एवं सुखी समाज की आधारशिला है - प्रो. डॉ. सिंह

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर हुआ सामाजिक स्वास्थ्य संगोष्ठी का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर रविवार को पुलिस लाइन मार्ग स्थित इंदौरिया होम्यो उपचार एवं निदान केंद्र, अलवर पर एक सामाजिक स्वास्थ्य संगोष्ठी एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य तंबाकू एवं निकोटीन सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों के प्रति आमजन को जागरूक करना रहा। संगोष्ठी में उपस्थित नागरिकों, युवाओं एवं स्वास्थ्य जागरूक लोगों ने तंबाकू सेवन से समाज पर पड़ रहे दुष्प्रभावों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में युवाओं में बढ़ती धूम्रपान एवं नशे की प्रवृत्ति को चिंता का विषय बताया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. अजीत सिंह, सीनियर होम्यो कंसल्टेंट एवं सामुदायिक चिकित्सा विशेषज्ञ ने कहा कि तंबाकू सेवन कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारियाँ, टीबी, मुख रोग एवं मानसिक तनाव जैसी गंभीर समस्याओं का प्रमुख कारण है। उन्होंने कहा कि नशामुक्त जीवन ही स्वस्थ एवं सुखी समाज की आधारशिला है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि आधुनिक दिखावे एवं गलत संगति के कारण नशे की ओर बढ़ती प्रवृत्ति से बचना आवश्यक है। नियमित व्यायाम, योग, सकारात्मक सोच एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाकर स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है। डॉ. सिंह ने होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति की समग्र एवं प्राकृतिक उपचार प्रणाली पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वास्थ्य संवर्धन एवं मानसिक संतुलन बनाए रखने में इसकी सकारात्मक भूमिका है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने तंबाकू मुक्त समाज निर्माण एवं स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। 'तंबाकू छोड़ें – स्वास्थ्य अपनाएँ ' 'नशामुक्त युवा – स्वस्थ राष्ट्र

## प्राध्यापक भर्ती परीक्षा में 46 फीसदी से अधिक अभ्यर्थियों की रही उपस्थिति

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) की ओर से आयोजित प्राध्यापक, प्राध्यापक (कृषि) एवं कोच प्रतियोगी परीक्षा-2025 का आयोजन रविवार को जयपुर जिले में दो पारियों में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। परीक्षा के लिए जिलेभर में सैकड़ों परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा समन्वयक एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट जयपुर पूर्व नरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि प्रथम पारी में सामान्य ज्ञान विषय की परीक्षा 183 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। इस परीक्षा में कुल 67,091 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 30,953 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार सामान्य ज्ञान के पेपर में 46.14 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। द्वितीय पारी में हिंदी विषय की परीक्षा आयोजित हुई, जिसके लिए 86 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इस पेपर में 26,354 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 12,341 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। हिंदी पेपर में 46.83 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। अधिकारियों ने परीक्षा के शांतिपूर्ण और व्यवस्थित संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं की निगरानी की।

## अवैध क्लीनिकों पर स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई, कई संस्थानों पर की सीलिंग



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** स्वास्थ्य विभाग ने अवैध एवं अपंजीकृत क्लीनिकों तथा झोलाछाप चिकित्सकों के खिलाफ सघन अभियान चलाते हुए कई स्वास्थ्य संस्थानों पर कार्रवाई की। जिला कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान के तहत विभिन्न निजी चिकित्सालयों और क्लीनिकों का निरीक्षण किया गया। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अखिलेश मीणा के नेतृत्व में गठित टीम ने कई संस्थानों की जांच की। इस दौरान पूर्व में जारी नोटिसों एवं विभागीय आदेशों की संबंधित संचालकों को तामील कराई गई। अभियान के दौरान पुलिस जाप्ता भी मौजूद रहा। निरीक्षण में कई स्वास्थ्य संस्थान बिना वैध पंजीकरण के संचालित पाए गए, जिन पर नियमानुसार अस्थायी सीलिंग की कार्रवाई की गई। टीम ने विभिन्न क्लीनिकों से मरीजों के उपचार संबंधी रिकॉर्ड, अभिलेख, दवाइयां एवं इंजेक्शन भी जब्त किए। कुछ स्थानों पर बीटामेथासोन और डेक्सामेथासोन इंजेक्शन बड़ी मात्रा में पाए गए, जिनके उपयोग एवं भंडारण की जांच की जा रही है। डॉ. अखिलेश मीणा ने बताया कि निर्धारित सुरक्षा राशि अथवा चालान राशि जमा नहीं कराने वाले संचालकों के खिलाफ स्थायी सीलिंग, एफआईआर दर्ज कराने सहित अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिना वैध पंजीकरण के किसी भी स्वास्थ्य संस्थान का संचालन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो क्लीनिक निरीक्षण के दौरान बंद मिले, उन पर विभागीय नोटिस चस्पा किए गए हैं। भविष्य में ऐसे संस्थान संचालित पाए जाने पर परिसर को सीज कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से केवल पंजीकृत एवं अधिकृत चिकित्सकों से ही उपचार कराने तथा किसी भी अवैध चिकित्सकीय गतिविधि की सूचना विभाग को देने की अपील की है। विभाग ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# वन राज्य मंत्री शर्मा ने गोविंद देव जी महाराज मंदिर प्रबंध समिति के शपथ ग्रहण समारोह में की शिरकत





### समाज में एकता, संस्कार और सेवाभाव को मजबूती देने में धार्मिक संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका - वन राज्यमंत्री शर्मा

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने रविवार को अलवर में महावर धर्मशाला में आयोजित श्री गोविंद देव जी महाराज मंदिर प्रबंध समिति के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने नवगठित प्रबंध समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाएं समाज में एकता, संस्कार और सेवाभाव को मजबूत करने का कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि अलवर शहर के हृदयस्थल में भगवान गोविंद देव जी महाराज का करीब 170 वर्ष पुराना ऐतिहासिक मंदिर विराजमान है। उन्होंने कहा कि नई समिति मंदिर की परंपराओं, धार्मिक गतिविधियों तथा सामाजिक सरोकारों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि महावर जैन समाज ने सदैव सामाजिक समरसता, शिक्षा और जनकल्याण के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं से संगठन की मजबूती और समाजहित के कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, विजय डाटा, बद्री प्रसाद, प्रबंध समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष जय शिव गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रतनलाल गुप्ता, त्रिजोगी नारायण गुप्ता, सत्य विजय गुप्ता, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्र गुप्ता, मंत्री प्रेमचंद गुप्ता, उपमंत्री सोमनाथ गुप्ता तथा कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, कपिल गुप्ता, गायत्री डाटा, अंजलि गुप्ता, उषा गुप्ता, मधु गुप्ता, सागर यादव एवं कार्यकारिणी सदस्य कार्यक्रम उपस्थित थे।

## शांति कुंज कॉलोनी शिव मंदिर में सुंदरकांड एवं श्री सत्यनारायण कथा का आयोजन

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** शांति कुंज कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर रविवार को धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शिव मंदिर समिति के अध्यक्ष निर्मल शर्मा ने बताया कि पुरुषोत्तम मास धार्मिक अनुष्ठानों, पूजा-पाठ एवं आध्यात्मिक साधना के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। इसी क्रम में मंदिर परिसर में प्रातः 8:30 बजे मंडली द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने श्रद्धाभाव के साथ श्री सत्यनारायण भगवान की कथा का श्रवण किया। कार्यक्रम के अंत में आरती संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में कॉलोनीवासियों ने भाग लेकर सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। समिति द्वारा प्रातः 10:30 बजे प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं को पूरी, सब्जी एवं बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं, बुजुर्गों एवं युवाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही तथा पूरे वातावरण में भक्तिमय माहौल बना रहा। कार्यक्रम में शांति कुंज वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष हेमपाल सिंह जादौन, शांति कुंज वेलफेयर समिति अध्यक्ष विवेक खंडेलवाल, योगेश विजयवर्गीय, संजीव मित्तल, अशोक भगवती, हरिराम मीणा, धर्मपाल अग्रवाल, गौरव बवेजा, कपिल जैन, संजय जैन, पुष्पेंद्र तंवर, आशीष शर्मा, बृजमोहन खंडेलवाल, अंशुमन शर्मा, सुरेंद्रकुमार शर्मा, सौरभ खंडेलवाल, युद्धवीर सिंह चौहान, विकेंद्रसिंह नरूका, राजसिंह आदि लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी सहभागिता दी।

## दौसा में होने वाली राज्य स्तरीय जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए अलवर की टीम रवाना

### बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम, पदाधिकारियों ने दी शुभकामनाएं



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** 7वीं राज्य स्तरीय जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अलवर जिले की टीम रविवार शाम दौसा के लिए रवाना हो गई। प्रतियोगिता का आयोजन 1 से 3 जून 2026 तक दौसा में किया जाएगा, जिसमें प्रदेशभर के प्रतिभाशाली मुक्केबाज अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। अलवर जिला बॉक्सिंग संघ के सचिव देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले के चयनित खिलाड़ी विभिन्न भार वर्गों में भाग लेंगे। संघ के अध्यक्ष दिनेश भार्गव के अनुसार बालिका वर्ग में सोनम सैनी, हुशिका व्यास एवं प्रभनूर कौर अलवर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। वहीं बालक वर्ग में हिमांशु पटवाल, दक्ष यादव, गौरव चौधरी, कुशाग्र कुमावत, अमन महिवाल, पर्व सुईवाल, सुभांश नरूका एवं जतिन कुमार अपनी मुक्केबाजी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करने के लिए राष्ट्रीय स्तर के रेफरी अजीत यादव तथा टीम कोच मनीष सैनी भी टीम के साथ दौसा रवाना हुए हैं। टीम के रवाना होने से पूर्व अलवर जिला बॉक्सिंग संघ के पदाधिकारियों, खेल प्रेमियों एवं अभिभावकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। संघ पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि अलवर के मुक्केबाज राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम गौरवान्वित करेंगे।

## वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जिलेभर में आयोजित हुए विविध जनजागरूकता एवं श्रमदान कार्यक्रम




जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार संचालित वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत रविवार को जिलेभर की ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के तहत ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण तथा अन्य विभागों के समन्वय से जनभागीदारी आधारित गतिविधियां संचालित की गईं। ग्राम पंचायत नाखनौल में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थलों, मार्गों एवं जल स्रोतों के आसपास सफाई कार्य किया गया। ततारपुर में पक्षियों के लिए परिंडे बांधकर जीव संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। वहीं महरमपुर में ग्रामीणों द्वारा प्रभात फेरी निकालकर जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। अभियान के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों में जोहड़ों की खुदाई एवं सफाई कार्य, प्राचीन तालाबों एवं जलाशयों के संरक्षण संबंधी गतिविधियां, सोकता गड्ढों की साफ-सफाई तथा वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने वाले कार्य किए गए। मंदिरों, मुख्य मार्गों, चौराहों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया।
राजीविका के ग्राम संगठनों एवं सीएलएफ कार्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं एवं ग्रामीणों को जल संरक्षण, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही जल स्रोतों के संरक्षण एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने के लिए व्यापक जनसंपर्क गतिविधियां संचालित की गईं।
जिला प्रशासन के निर्देशन में आयोजित इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप प्रदान करते हुए प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण तथा पर्यावरणीय संतुलन को सुदृढ़ करना है।

वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान -2026

## साइकिल रैली के माध्यम से दिया जल संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश



### यूआईटी एवं नगर निगम द्वारा सामूहिक श्रमदान कर की गई जल संरचनाओं की साफ-सफाई

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में वर्षा जल की बूंद-बूंद का संचयन करने, भूजल स्तर को बढाने एवं पारंपरिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से प्रदेश में 5 जून तक संचालित 'वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान- 2026' जन-जन का अभियान बनकर जल संरक्षण की दिशा में महती भूमिका निभा रहा है। 'वंदे गंगा अभियान' के तहत आज खेल विभाग एवं माई भारत (नेहरू युवा केंद्र ) द्वारा जल संरक्षण के प्रति जागरूकता हेतु वंदे गंगा साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली प्रताप ऑडिटोरियम से शुरू होकर भवानी तोप सर्किल, मिनी सचिवालय एवं मालवीय नगर होते हुए नगर वन, कटी घाटी पहुंची तथा वहां से वापिस प्रताप ऑडिटोरियम पर आकर सम्पन्न हुई। जिसमें आमजन विशेष कर युवाओं व स्वयंसेवी संस्थाओं ने बढ-चढकर सहभागिता निभाकर जल संरक्षण का संदेश दिया।

### जलस्रोतों पर आयोजित हुआ सामूहिक श्रमदान

अभियान के अंतर्गत आयोजित विभिन्न गतिविधियों में नगर विकास न्यास एवं नगर निगम द्वारा अलवर शहर में मीणापाड़ी जोहड़ पर सामूहिक श्रमदान कर साफ-सफाई का कार्य किया गया, जिससे वर्षा ऋतु के दौरान जल का अधिकाधिक संचय किया जा सके एवं भूजल स्तर में वृद्धि हो सके। साथ ही अभियान के तहत राजकीय अंबेडकर छात्रावास, राजगढ़ में गर्मी के मौसम के दृष्टिगत पक्षियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था के लिए परिंडे एवं पशुओं के लिए छात्रावास गेट के बाहर पानी व्यवस्था के लिए कुंडी लगाई गई, तथा छात्रावास भवन की साफ-सफाई का कार्य भी किया गया।

## पेयजल प्रबंधन में बड़ा सुधार: 15,995 शिकायतों का समाधान, हजारों परिवारों को मिली राहत

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(कास)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) द्वारा प्रदेशभर में संचालित विशेष अभियानों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। भीषण गर्मी के बीच आमजन को निर्बाध एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए चलाए गए छह राज्यव्यापी अभियानों के तहत अब तक 15,995 पेयजल संबंधी शिकायतों एवं समस्याओं का समाधान किया जा चुका है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार अभियानों के दौरान 3,077 हैंडपंपों की मरम्मत, 1,644 पाइपलाइन लीकेज की दुरुस्ती, 978 प्रेशर संबंधी समस्याओं का समाधान तथा 1,144 बाधित जलापूर्ति क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति बहाल की गई। इसके अलावा 230 कम अवधि वाली जलापूर्ति, 544 कम सप्लाई और 121 प्रदूषित जल संबंधी शिकायतों का भी निस्तारण किया गया। विभाग ने 1,401 अवैध जल कनेक्शन हटाने के साथ 6,827 अन्य सुधार कार्य भी पूरे किए हैं। विशेष अभियानों के तहत गठित तकनीकी टीमों ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्रोतों, पाइपलाइन नेटवर्क और जलापूर्ति व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर समस्याओं का मौके पर समाधान किया। छठे अभियान के दौरान 639 खराब हैंडपंपों को पुनः चालू किया गया, 455 पाइपलाइन लीकेज ठीक किए गए तथा 220 प्रेशर संबंधी शिकायतों का समाधान किया गया। साथ ही 242 क्षेत्रों में बाधित जलापूर्ति बहाल कर लोगों को राहत पहुंचाई गई। जल संरक्षण और संसाधनों के बेहतर प्रबंधन के लिए विभाग ने अवैध जल कनेक्शनों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की। छठे अभियान में 336 अवैध जल कनेक्शन हटाए गए, जिनमें होटल, ढाबे, डेयरी बूथ और कृषि कार्यों में उपयोग किए जा रहे कनेक्शन शामिल थे। इससे पेयजल की बर्बादी रोकने और आमजन के लिए जल उपलब्धता बढ़ाने में मदद मिली है।
ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडपंपों और पाइपलाइनों की मरम्मत के साथ 550 अन्य पेयजल सुधार कार्य भी किए गए, जिससे हजारों ग्रामीण परिवारों को राहत मिली। अभियान के दौरान प्राप्त लगभग 2,600 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर विभाग ने त्वरित राहत प्रदान की। उल्लेखनीय है कि 5 अप्रैल से 23 मई तक संचालित पांच विशेष अभियानों में 2,438 हैंडपंपों की मरम्मत, 1,189 पाइपलाइन लीकेज की दुरुस्ती, 758 प्रेशर समस्याओं का समाधान तथा 902 जलापूर्ति बाधित मामलों का निस्तारण किया गया था। इसी अवधि में 1,065 अवैध जल कनेक्शन भी हटाए गए। राज्य सरकार का लक्ष्य गर्मी के मौसम में प्रदेश के प्रत्येक गांव और शहर तक पर्याप्त, नियमित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है। विभाग का दावा है कि विशेष अभियान संभावित पेयजल संकट को कम करने और जलापूर्ति व्यवस्था को मजबूत बनाने में प्रभावी साबित हो रहे हैं।

## आरएलपी कार्यकर्ता मेरी हत्या करना चाहते थेः मदन राठौड़

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने रविवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि वह अपने पार्टी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कुचामन डीडवाना गए थे लेकिन जिस तरह से आरएलपी के कार्यकर्ताओं ने उनकी गाड़ी पर डंडे बरसाए उससे ऐसा लगा कि कि वे उनकी हत्या करना चाहते थे राठौर ने कहा कि पूरा राजस्थान जानता है वह कितने सीधे हैं और किसी का विरोध भी करते हैं तो बहुत ही मर्यादा के साथ अपनी बात कहते हैं क्योंकि राजनीति में वैचारिक मतभेद हो सकता है लेकिन स्वस्थ राजनीति में मनभेद कभी भी नहीं होना चाहिए उन्होंने कहा कि अगर उनके खिलाफ प्रदर्शन करने वाले लोग उन्हें अपनी मांग का ज्ञापन देते तो वह खुशी-खुशी गाड़ी से उतारकर उनके ज्ञापन लेते उनकी बातों को सुनते लेकिन उन्होंने गाड़ी के ऊपर ही जोर-जोर से डंडे बरसाना शुरू कर दिया जो यह दिखाता था कि डंडे बरसाने वाले उनको करने के उद्देश्य से ही आए थे पत्रकारों से बातचीत के दौरान मदन राठौड़ ने कहा कि यह उनकी समझ से बाहर है कि आखिर आरएलपी के कार्यकर्ता उनसे दुश्मनी क्यों पाले हुए हैं उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में साफ सुथरी राजनीति की है साफ सुथरा बयान देते हैं और मन में किसी को लेकर किसी भी तरह की दुर्भावना नहीं रखते लेकिन आरएलपी के कार्यकर्ताओं की ओर से उनके साथ किया गया व्यवहार और बर्ताव दिशाहीन राजनीति को दिखाता है उन्होंने कहा कि वह कोई कमजोर इंसान नहीं है उनके भी हजारों समर्थक हैं लेकिन उन्होंने हमेशा स्वच्छ और साफ सुथरी राजनीति की है ।



## वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत निकाली साइकिल रैली



जयपुर टाइम्स

**दौसा/जयपुर(निस.)।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत रविवार को खेल विभाग के सहयोग से जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली में 50 से अधिक साइकिलिस्टों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आमजन को जल बचाने का संदेश दिया। साइकिल रैली का शुभारंभ शहर में चुंगी से हुआ। अभियान के जिला समन्वयक लोकेश शर्मा एवं जिला खेल अधिकारी मनोज शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए नेहरू गार्डन पहुंचकर संपन्न हुई। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण तथा पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति लोगों को जागरूक किया। साइकिलिस्टों ने संदेश दिया कि जल ही जीवन का आधार है और इसके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास समय की आवश्यकता है। जिला समन्वयक लोकेश शर्मा ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से वर्षा ऋतु से पूर्व जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने और जनभागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जन आंदोलन बनना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखा जा सके। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षक, खेल प्रेमी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने तथा अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## मेहंदीपुर बालाजी में विधायक विक्रम बंसीवाल ने पौधारोपण कर दिया जल एवं



## पर्यावरण संरक्षण का संदेश

जयपुर टाइम्स

**दौसा/जयपुर(कास.)।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत रविवार को मेहंदीपुर बालाजी क्षेत्र में जागरूकता रैली एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली में सिकराय विधायक विक्रम बंसीवाल सहित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। रैली के दौरान जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इसके पश्चात भगवान मंदिर कंगन परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर विधायक विक्रम बंसीवाल ने कहा कि जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की आवश्यकता है तथा इसमें जनसहभागिता की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम का आयोजन जिला संयोजक महेंद्र पीलोडी के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर विकास अधिकारी देशवीर सिंह चौधरी, सरपंच शिवचरण योगी, विधानसभा संयोजक अनु नांदरी, सह संयोजक हनुमान बैरवा, ज्ञान सिंह मीणा, राजेश गौड़, रामभरोसी मीणा, लोकेश शिमला, प्रशांत शिमला, सुभाष खटाना, केदार खदरपुर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# प्रदेश भाजपा कार्यालय में कई दिग्गज नेताओं की उपस्थिति में पार्टी जिन्होंने पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना

### प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम से मिलता है राष्ट्र निर्माण और जनसेवा का प्रेरक संदेश : मदन राठौड़

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का प्रत्येक संस्करण देशवासियों को प्रेरणा, ज्ञान और सकारात्मक सोच का संदेश देता है। रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम के 134वें संस्करण का सामूहिक श्रवण करने के बाद राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार समाज को नई दिशा देने वाले हैं तथा जनभागीदारी के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त करते हैं। राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में देश की प्रतिभाओं, नवाचार, युवा शक्ति, स्थानीय उत्पादों के प्रोत्साहन, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण तथा जनसहभागिता से होने वाले सकारात्मक परिवर्तनों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में दौड़ प्रतियोगिता में 10.1 सेकंड में रिकॉर्ड बनाने वाले प्रतिभाशाली युवाओं की चर्चा कर प्रधानमंत्री ने देश की उभरती प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का कार्य किया है। राठौड़ ने बताया कि प्रधानमंत्री ने भीषण गर्मी के दौर में शरबत एवं पारंपरिक पेय पदार्थों के महत्व, पेयजल संरक्षण, जल संचयन, जल संकट के समाधान, नदियों की स्वच्छता, तैराकी सीखने तथा दिव्यांगजनों को तैराकी से जोड़ने जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण संदेश दिए। इसके साथ ही आम सहित भारतीय फलों और स्थानीय उत्पादों के महत्व का उल्लेख कर वोकल फॉर लोकल की भावना को और मजबूत किया। राठौड़ ने कहा कि मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने और सकारात्मक परिवर्तन की प्रेरणा देने वाला अभियान है। इससे देशभर के लोगों के उत्कृष्ट कार्यों की जानकारी मिलती है और जनसेवा के लिए नई ऊर्जा प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से यदि अन्य लोग भी प्रेरणा लेते हैं तो यह लोकतंत्र और समाज के लिए स्वागतयोग्य बात है। राठौड़ ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम में कई युवा, सेवानिवृत्त कर्मचारी साइकिल से कार्यालय पहुंचे। राठौड़ ने राजनीति में मर्यादित भाषा और स्वस्थ संवाद की आवश्यकता पर बल देते हुए राठौड़ ने कहा कि शब्दों की गरिमा लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। विपक्ष का दायित्व सरकार का विरोध करना है और प्रबलता से अपनी बात रखना लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन शब्दों का चयन ऐसा होना चाहिए जो लोकतांत्रिक मर्यादाओं के अनुरूप हो। उन्होंने कहा कि भाषा की शालीनता और संवाद की संस्कृति को बनाए रखना सभी जनप्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी है। राठौड़ ने कहा कि लोकतंत्र की सफलता सशक्त विपक्ष और स्वस्थ राजनीतिक विमर्श में निहित है। विचारों का मतभेद लोकतंत्र की शक्ति है, लेकिन व्यक्तिगत कटुता और अमर्यादित शब्दावली लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करती है। इसलिए राजनीतिक जीवन में संयमित भाषा, शिष्टाचार और सकारात्मक संवाद को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। मन की बात कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रदेश कार्यालय में गृहराज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, पूर्व नेताप्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ , भाजपा महामंत्री भूपेंद्र सैनी, सांसद मंजू शर्मा, प्रदेश मंत्री अपूर्वा सिंह, अजीत मांढण, मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ, कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, सह प्रभारी भवानी शंकर शर्मा, भाजपा आईटी प्रभारी अविनाश जोशी सहित प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चा, प्रकोष्ठ और विभागों के अध्यक्ष–संयोजक तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## मेहंदीपुर बालाजी में गूंजी जल संरक्षण की अलख, वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत हुई भव्य महाआरती



जयपुर टाइम्स

**दौसा/जयपुर।(निस.)** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत मेहंदीपुर बालाजी धाम में भव्य महाआरती एवं जन-जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने भाग लेकर जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा रहे। उन्होंने बालाजी महाराज मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। अपने संबोधन में उन्होंने जल संरक्षण को वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए सभी नागरिकों से जल बचाने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए जनभागीदारी आवश्यक है। वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों के संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के माध्यम से जल संकट की चुनौतियों का प्रभावी समाधान किया जा सकता है। महाआरती के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष लक्ष्मी रैला, जिला संयोजक महेंद्र पीलोडी, जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश मीणा, महवा उपखंड अधिकारी मनीषा मीणा, विकास अधिकारी सिकराय देशवीर सिंह चौधरी, तहसीलदार सिकराय हेमेंद्र मीणा, थाना प्रभारी मेहंदीपुर बालाजी गौरव प्रधान, लेखराज कसाना, अनु नांदरी, हनुमान बैरवा, राजेश गौड़, नेतराम मीणा, रामभरोसी मीणा, सुबुद्धि मीणा, लोकेश शिमला, प्रशांत शिमला, सुभाष खटाना, गौरी देवी पाटन, घनश्याम योगी एवं भागीरथ सिंह केदार खदरपुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने गंगा एवं अन्य जल स्रोतों के संरक्षण, वर्षा जल संचयन तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए जनजागरण को आवश्यक बताते हुए अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उपस्थित लोगों ने जल संरक्षण का संकल्प लेते हुए अभियान को गांव-गांव एवं घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया। महाआरती के समापन पर बालाजी महाराज के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं नागरिकों की उपस्थिति ने अभियान को नई ऊर्जा प्रदान की। उल्लेखनीय है कि वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जिले भर में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं।

## श्रमदान, पौधारोपण एवं जल चौपालों के माध्यम से दिया जल बचाने का संदेश

जयपुर टाइम्स



**दौसा/ जयपुर(कास.)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में संचालित वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत शनिवार को जिलेभर में श्रमदान, पौधारोपण एवं जल चौपाल कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अभियान के माध्यम से जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग की ओर से मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के अंतर्गत पूर्ण हो चुके कार्यों का अवलोकन किया गया तथा नवीन कार्यों की स्वीकृति एवं प्रारंभ की प्रक्रिया शुरू की गई। अभियान के तहत पौधारोपण एवं घास बुवाई कार्यों की अग्रिम तैयारियां की गईं तथा बीज बैंकों में विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया गया। इसके साथ ही हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत प्रस्तावित पौधारोपण कार्यक्रमों की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। चयनित ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर आयोजित जल चौपालों में ग्रामीणों से संवाद कर जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन एवं जल संग्रहण संरचनाओं के संरक्षण के महत्व पर चर्चा की गई। बसवा पंचायत समिति के ग्राम केसरीसिंहपुरा में आयोजित श्रमदान कार्यक्रम एवं जल चौपाल में विधायक भागचंद सैनी ने सहभागिता कर जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल एक अभियान नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की जिम्मेदारी है। इसके लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। इस अवसर पर ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ जल स्रोतों के संरक्षण, वर्षा जल संचयन तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। जल चौपाल के माध्यम से आमजन को जल बचाने एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग के अधीक्षण अभियंता हरिकेश मीणा, संभाग संयोजक महेंद्र यादव, जिला समन्वयक लोकेश शर्मा, डॉ. सोमेश विजय, देवेन्द्र शर्मा, मनोज टोडवाल, चतर सिंह रत्नावत, सरपंच केसरीसिंहपुरा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक श्रमदान कर जल संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की तथा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## ट्रैफिक पुलिस के सब इंस्पेक्टर को 7000 रुपए की रिश्वत लेते एसीबी ने दबोचा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की टीम ने रविवार को प्रदेश के बारा शहर में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए ट्रैफिक पुलिस के सब इंस्पेक्टर को 7000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की टीम गिरफ्तार सब इंस्पेक्टर चंद्रप्रकाश से पूछताछ करके यह भी पता लग रही है कि वाहनों से मंथली बंधी के रूप में यह जो रिश्वत की राशि ली गई थी इस रिश्वत की राशि में किसी अन्य अधिकारी का भी क्या हिस्सा निर्धारित था क्योंकि चंद्र प्रकाश ने परिवादी से मंथली बंधी के रूप में 7000 रुपए की रिश्वत ली थी इसलिए भ्रष्टाचार निरोधक विभाग के अधिकारियों को यह संदेह है की रिश्वत के इस बड़े खेल में और भी कई बड़े अधिकारी शामिल हो सकते हैं अकेला चंद्रप्रकाश ही नहीं है इसलिए चंद्र प्रकाश से गहनता से जांच पड़ताल और पूछताछ की जा रही है। भ्रष्टाचार निरोधक विभाग से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त चंद्र प्रकाश है जो ट्रैफिक पुलिस में सब इंस्पेक्टर पद पर तैनात है जिसने वाहन संचालन के बदले मंथली बंधी के रूप में परिवादी से रिश्वत की डिमांड की थी जिसकी शिकायत परिवादी ने भ्रष्टाचार निरोधक विभाग में दर्ज करवाई भ्रष्टाचार निरोधक विभाग ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया इसमें शिकायत सही पाई हुई इसके बाद आरोपी चंद्रप्रकाश को रंगे हाथों गिरफ्तार करने के लिए भ्रष्टाचार नगर तक विभाग के अधिकारियों ने एक बड़ी रणनीति तैयार की इसी रणनीति के तहत रविवार को जैसे ही परिवार देने चंद्र प्रकाश को रिश्वत के 7000 रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से घात लगाए बैठे भ्रष्टाचार निरोधक विभाग के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ चंद्र प्रकाश को मौके पर ही दबोच लिया ।

## मदन राठौड़ को काले झंडे दिखाने का मामलाः कुचामन पुलिस स्टेशन के एसएचओ निलंबित

।जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ को 29 मई को कुचामन डीडवाना में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के कार्यकर्ताओं की ओर से काले झंडे दिखाने के मामले में प्रदेश सरकार ने प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने का सिलसिला शुरू कर दिया जिसमें क्षेत्र के संबंधित तहसीलदार और पुलिस अधीक्षक को पहले ही सरकार ने हटा दिया है और अब कुचामन थाने के इंस्पेक्टर सतपाल को निलंबित कर दिया गया है जानकारी के अनुसार मदन राठौड़ पार्टी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कुचामन डीडवाना आए हुए थे लेकिन पिछले कुछ दिनों से राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के संरक्षक हनुमान बेनीवाल और मदन राठौड़ इन दोनों ही नेताओं के बीच आपस में एक दूसरे को लेकर बयान बाजी की जा रही है दोनों नेताओं के बीच आपस में जोरदार राजनीतिक टकराव बना हुआ है जिसका असर पार्टी के कार्यकर्ताओं पर भी देखने को मिला है। इसलिए जैसे ही राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के कार्यकर्ताओं को यह जानकारी मिली थी मदन राठौड़ कुचामन आए हुए हैं तो उन्होंने राठौर को काले झंडे दिखाने का प्रयास किया इसी क्रम में राठौर की गाड़ी पर भी राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के कार्यकर्ताओं ने डंडे बरसाए जिसको लेकर मदन राठौड़ ने रविवार को एक बार पत्रकारों से बातचीत करते हुए हनुमान बेनीवाल को ललकारा और कहा कि वह कमजोर नहीं है अकेले ही निपट लेंगे । राठौर ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि हनुमान बेनीवाल प्रदेश की युवाओं को पथभ्रष्ट कर रहे हैं उन्हें गलत दिशा में ले जा रहे हैं युवाओं का जीवन बर्बाद कर रहेहैं ।

# बिना बुलाए जेडीसी बैठक में कैसे आते ? जिला परिषद प्रशासन ने बुलाया ही नहीं

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** द्रव्यवती नदी को लेकर हाल ही में बुलाई गई बैठक में जयपुर शहर और जयपुर ग्रामीण के सांसदों और अन्य जनप्रतिनिधियों की ओर से बैठक में जयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त, नगर निगम के आयुक्त और जिला कलेक्टर के नहीं पहुंचने पर जताई गई नाराजगी को लेकर अब एक नया रोचक तथ्य सामने आया है जिसमें पता चला है कि जयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त को बैठक में बुलाया ही नहीं गया था जब किसी अधिकारी को बैठक में बुलाया ही नहीं गया हो तो फिर वह कैसे बैठक में आता, यह भी विचार करने का विषय है हालांकि बैठक में जिला कलेक्टर संदेश नायक बैठक शुरू होने के कुछ देर बाद पहुंच गए थे लेकिन तब तक जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह, जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा और विधायक गोपाल शर्मा ने तीन बड़े अधिकारियों के बैठक में नहीं होने पर गहरी नाराजगी जताई थी लेकिन हकीकत यह है कि इस बैठक के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण के सचिव को अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ आमंत्रित किया गया था लेकिन यहां जयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त को निमंत्रण पत्र नहीं दिया गया था । इसीलिए जेडीसी सिद्धार्थ महाजन बैठक में नहीं गए इसके अलावा नगर निगम के आयुक्त छुट्टी पर थे इसलिए वे बैठक में नहीं आ पाए अब देखा जाए तो जेडीसी और नगर निगम के आयुक्त दोनों की कहीं भी किसी भी तरह की कोई गलती बिल्कुल नजर नहीं आ रही इसमें कहीं ना कहीं जिला परिषद प्रशासन की ओर से बैठक को संपादित करने के बारे में ठीक तरह से कार्रवाई को अंजाम नहीं दिया गया क्योंकि अगर नगर निगम की आयुक्त छुट्टी पर थे तो इसके बारे में जनप्रतिनिधियों को बैठक के शुरू में ही बता देना चाहिए था या फिर जिला परिषद प्रशासन को नगर निगम के आयुक्त को निमंत्रण भेजने के दौरान ही उनके आने और नहीं आने के बारे में स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए थी ।

आगर जिला परिषद प्रशासन की ओर से नगर निगम आयुक्त को भेजे गए पत्र से पहले ही अगर नगर निगम आयुक्त छुट्टी ले चुके थे तो या तो इस बैठक को आगे के लिए स्थगित कर दिया जाता या फिर बैठक के शुरू होने से पहले ही जनप्रतिनिधियों को यह बता दिया जाता कि नगर निगम के आयुक्त छुट्टी पर हैं और अगर जिला परिषद प्रशासन के लेटर मिलने के बाद किसी कारण की वजह से नगर निगम की आयुक्त ने छुट्टी ली हो तो यहां नगर निगम प्रशासन की ओर से जिला परिषद प्रशासन को उनके नहीं आने के बारे में सूचना दे दी जाती लेकिन कहीं ना कहीं इस बैठक को लेकर संबंधित विभागों और संस्थाओं के बीच आपस में सामंजस्य और सूचनाओं के आदान-प्रदान में तालमेल का अभाव रहा जिसकी वजह से बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों की अनुपस्थिति पर सवाल खड़े कर दिए लेकिन यहां जेडीसी, नगर निगम के आयुक्त और जिला कलेक्टर तीनों की कहीं कोई गलती नहीं दिख रही है ।

उल्लेखनीय है कि पिछले 18 में को दिशा की बैठक में द्रव्यवती नदी को लेकर एक अलग से बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया था। इसी निर्णय के परिपेक्ष में हाल ही में जिला परिषद प्रशासन की ओर से विशेष बैठक आयोजित करवाई गई थी जिसमें जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह, जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा और सिविल लाइन विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक गोपाल शर्मा और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे लेकिन जैसे ही बैठक की कार्रवाई शुरू हुई उस समय बैठक में जेडीसी नगर निगम के आयुक्त और जिला कलेक्टर को नहीं देखकर बैठक में मौजूद सभी जनप्रतिनिधि नाराज हो गए बैठक में राव राजेंद्र सिंह ने आक्रोश भी प्रकट किया लेकिन कहीं ना कहीं ऐसा साफ प्रतीत होता है कि जनप्रतिनिधियों को भी यह पता नहीं था कि जेडीसी को बैठक में बुलाया नहीं गया है और नगर निगम के आयुक्त छुट्टी पर है अगर यह जानकारियां पहले ही जनप्रतिनिधियों को दे दी जाती तो शायद जनप्रतिनिधि इस तरह से अपनी नाराजगी प्रकट नहीं करते जानकार लोगों का कहना है कि जहां तक जिला कलेक्टर संदेश नायक के बैठक के शुरू होने के कुछ देर बाद पहुंचने का विषय है तो इसमें संदेश नायक की कोई गलती नहीं मानी जा सकती क्योंकि अचानक कई बार ऐसी स्थितियां बन जाती हैं चाहे वह ट्रैफिक समस्या से जुड़ी हो या फिर और कोई वजह हो जिसकी वजह से जयपुर जैसे भीड़ भरे शहर में कई बार समय प्रबंधन करने में अचानक बहुत दिक्कत आ जाती है शायद इसी वजह से संदेश नायक बैठक शुरू होने के कुछ देर बाद पहुंचे अन्यथा संदेश नायक एक कर्मठ, अनुशासित और समर्पित अधिकारी के रूप में माने जाते हैं ।

## सम्पादकीय

### मशीनों के भरोसे जीवन, लेकिन भरोसे की सुरक्षा कौन करेगा?



इसमें दोराय नहीं कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विकास ने मानव जीवन की राह को आसान बना दिया है। मगर तकनीक तभी सुविधाजनक होती है, जब उसे कौशल, संवेदनशीलता और सतर्कता के दायरे में रखा जाए। जरा-सी लापरवाही पर यह सुविधा कब जोखिम में बदल जाए, इसका आभास भी नहीं हो पाता है। बीते बुधवार की रात को दिल्ली के हौजखास इलाके में ऐसी ही एक घटना सामने आई, जिसमें एयर कंडीशनर यानी एसी में विस्फोट से लगी आग की वजह से सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी धनेंद्र कुमार की जान चली गई। वह भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के प्रथम अध्यक्ष थे। एसी में विस्फोट किन कारणों से हुआ, यह तो जांच के बाद ही पता चल पाएगा, लेकिन सवाल है कि जिन उपकरणों को घरों में सुविधा के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है, उनमें तकनीकी खराबी से पैदा होने वाले खतरे से सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी है? क्या ऐसी घटनाओं में जवाबदेही तय किए जाने की जरूरत नहीं है? गौरतलब है कि हर साल गर्मी में एयर कंडीशनर की वजह से हादसों का सिलसिला शुरू हो जाता है। पिछले एक माह में देश भर में एसी में विस्फोट या आग लगने से मौत की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। निस्संदेह इस तरह के उपकरणों का इस्तेमाल करते समय लोगों को भी सावधानी बरतनी चाहिए। खासकर एसी के मामले में ज्यादा सतर्कता की जरूरत होती है, क्योंकि इससे और भी कई तरह के जोखिम होते हैं। मसलन, बहुत ठंडे कमरे से अचानक तेज गर्मी में जाने से शरीर का तापमान बदल जाता है, जिससे मस्तिष्काघात का खतरा बढ़ जाता है। एयर कंडीशनर कमरे की नमी को सोख लेता है, जिससे सांस और त्वचा संबंधी विकार पैदा हो सकते हैं। यही नहीं, इस उपकरण से गैस का रिसाव होने पर बंद कमरे में दम घुटने जैसी जानलेवा स्थिति पैदा हो सकती है। यानी किसी भी तकनीकी संसाधन के उपयोग के साथ ही उनके संचालन के लिए एक मुकम्मल प्रशिक्षण भी बेहद जरूरी है। जरूरत इस बात की भी है कि ऐसे उपकरणों में तकनीकी खराबी की वजह से कोई हादसा न हो, इसके लिए सरकार की ओर से स्पष्ट नीति एवं नियम बनाए जाएं, ताकि इनके निर्माण के दौरान सुरक्षा मानकों से समझौता करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। उत्तर भारत में पड़ रही भीषण गर्मी का सीधा असर अब उत्तर प्रदेश परिवहन निगम (रोडवेज) की सेवाओं और उसकी कमाई पर देखने को मिल रहा है। दिल्ली से सटे हाइटेक शहर नोएडा और ग्रेटर नोएडा में रोडवेज के पास एक भी एसी बस न होने का खामियाजा विभाग को भुगतना पड़ रहा है। चिलचिलाती धूप और लू के थपेड़ों के बीच लोग रोडवेज की सामान्य बसों में सफर करने से कतरा रहे हैं और विकल्प के तौर पर निजी एसी बसों को चुन रहे हैं।

# कर्नाटक में बदलाव के बाद की चुनौतियां

*शिवकुमार 2023 में तभी से मुख्यमंत्री पद के आकांक्षी थे, जब कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव जीता था, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व ने वरिष्ठता के आधार पर सिद्दरमैया का चयन किया। शिवकुमार का दावा था कि उनके और सिद्दरमैया के बीच इसे लेकर सहमति कायम हुई थी कि दोनों ढाई-ढाई वर्ष तक सत्ता संभालेंगे। अपने इस दावे के अनुरूप वे पिछले काफी समय से मुख्यमंत्री पद हासिल करने का प्रयत्न कर रहे थे, लेकिन सिद्दरमैया पद छोड़ने को तैयार नहीं थे। आखिरकार कांग्रेस आलाकमान के दबाव में वे तीन वर्ष बाद मुख्यमंत्री पद छोड़ने को तैयार हुए। स्पष्ट है कि उन्होंने मजबूरी में पद छोड़ा। कर्नाटक की तरह एक समय राजस्थान में भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच भी इसे लेकर खींचतना हुई थी कि दोनों के बाच ढाई-ढाई साल तक मुख्यमंत्री बनने की सहमति बनी थी। सचिन पायलट ने बहुत कोशिश की कि इस कथित सहमति के आधार पर उन्हें मुख्यमंत्री की कुर्सी मिले, लेकिन अशोक गहलोत टस से मस नहीं हुए। उन्होंने कांग्रेस आलाकमान के निर्देशों को भी ठुकरा दिया। इस कारण सचिन पायलट एवं उनके बीच खींचतान जारी रही और कांग्रेस आलाकमान अंत समय तक कोई फैसला नहीं कर सका। ऐसा ही छत्तीसगढ़ में हुआ। यहां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और वरिष्ठ कांग्रेस नेता टीएस सिंह देव के बीच इसे लेकर झगड़ा होता रहा कि ढाई-ढाई साल तक*



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया के त्यागपत्र देने के साथ ही उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के राज्य की कमान संभालने का रास्ता साफ हो गया। इससे शिवकुमार की तो चाहत पूरी हो गई, लेकिन यह कहना कठिन है कि कर्नाटक कांग्रेस में सब कुछ सामान्य होने जा रहा है या फिर राज्य की विभिन्न समस्याओं के समाधान की राह आसान हो गई है। सिद्दरमैया ने त्यागपत्र देने की घोषणा करते हुए यह कहा कि कांग्रेस नेतृत्व ने जैसा कहा, मैंने वैसा किया, लेकिन उन्होंने राज्यसभा आकर कांग्रेस की केंद्रीय स्तर की राजनीति में सक्रिय होने का आग्रह ठुकराते हुए कहा कि वे राज्य की राजनीति में ही सक्रिय रहेंगे।

चूंकि सिद्दरमैया जमीनी स्तर की राजनीति करने वाले नेता हैं और उनका अपना जनाधार है, इसलिए वे मुख्यमंत्री बनने जा रहे शिवकुमार के लिए चुनौती खड़ी कर सकते हैं। इसके नतीजे में वहां नए सिरे से गुटबाजी भी पनप सकती है, क्योंकि शिवकुमार के नेतृत्व वाली सरकार के मंत्रिमंडल से सिद्दरमैया के कुछ समर्थक बाहर हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त यह स्वाभाविक ही है कि शिवकुमार अपने हिसाब से शासन से चलाएंगे और इसके लिए वे प्रशासन में भी पूर्व मुख्यमंत्री के समर्थकों को किनारे कर सकते हैं।

इसके आसार कम ही हैं कि सिद्दरमैया अपने उत्तराधिकारी शिवकुमार के लिए खुला मैदान छोड़ेंगे, क्योंकि जमीनी राजनीति करने वाला कोई नेता अपना राजनीतिक वर्चस्व इतनी आसानी से नहीं छोड़ता। अपने देश में तो ऐसा और भी कम होता है। अपने यहां उम्रदराज नेता तब तक राजनीति से रिटायर ही नहीं होते, जब तक उन्हें बिल्कुल किनारे न कर दिया जाए। कांग्रेस सिद्दरमैया की उपेक्षा करने का जोखिम नहीं उठा सकती।

शिवकुमार 2023 में तभी से मुख्यमंत्री पद के आकांक्षी थे, जब कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव जीता था, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व ने वरिष्ठता के आधार पर सिद्दरमैया का चयन किया। शिवकुमार का दावा था कि उनके और सिद्दरमैया के बीच इसे लेकर सहमति कायम हुई थी कि दोनों ढाई-ढाई वर्ष तक सत्ता संभालेंगे। अपने इस दावे के अनुरूप वे पिछले काफी समय से मुख्यमंत्री पद हासिल करने का प्रयत्न कर रहे थे, लेकिन सिद्दरमैया पद छोड़ने को तैयार नहीं थे। आखिरकार कांग्रेस आलाकमान के दबाव में वे तीन वर्ष बाद मुख्यमंत्री पद छोड़ने को तैयार हुए। स्पष्ट है कि उन्होंने मजबूरी में पद छोड़ा।

कर्नाटक की तरह एक समय राजस्थान में भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच भी इसे लेकर खींचतना हुई थी कि दोनों के बाच ढाई-ढाई साल तक मुख्यमंत्री बनने की सहमति बनी थी। सचिन पायलट ने बहुत कोशिश की कि इस कथित सहमति के आधार पर उन्हें मुख्यमंत्री की कुर्सी मिले, लेकिन अशोक गहलोत टस से मस नहीं हुए। उन्होंने कांग्रेस आलाकमान के निर्देशों को भी ठुकरा दिया। इस कारण सचिन पायलट एवं उनके बीच खींचतान जारी रही और कांग्रेस आलाकमान अंत समय तक कोई फैसला नहीं कर सका। ऐसा ही छत्तीसगढ़ में हुआ।

यहां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और वरिष्ठ कांग्रेस नेता टीएस सिंह देव के बीच इसे लेकर झगड़ा होता रहा कि ढाई-ढाई साल तक सत्ता संभालने की बात हुई थी। यहां भी कांग्रेस नेतृत्व कोई फैसला नहीं कर सका। नतीजा यह हुआ कि इन दोनों राज्यों में कांग्रेस की पराजय का एक कारण मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए खींचतान भी बनी।

कांग्रेस नेतृत्व ने पंजाब में कैप्टन अमरिंदर सिंह को विधानसभा चुनाव के करीब एक वर्ष पहले मुख्यमंत्री पद से हटने के लिए बाध्य किया, क्योंकि नवजोत सिंह सिद्धू उनके खिलाफ खड़े हो गए थे। हालांकि मुख्यमंत्री की कुर्सी उनके बजाय चरणजीत सिंह चन्नी को मिली। इसके चलते गुटबाजी को बढ़ावा मिला और विधानसभा चुनावों में इसका लाभ आम आदमी पार्टी ने उठाया।


कर्नाटक में दो वर्ष बाद चुनाव होने हैं। कहना कठिन है कि तब क्या होगा, लेकिन यह ध्यान रहे कि कर्नाटक में 1980 के बाद कोई भी सरकार सत्ता में नहीं लौटी है। शिवकुमार इस सिलसिले को तोड़ सकेंगे, यह कहना इसलिए कठिन है, क्योंकि कर्नाटक कई समस्याओं से घिरा है।

कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु आइटी सिटी के रूप में विख्यात है, लेकिन इस समय बेंगलुरु के साथ देश भर का आइटी उद्योग समस्याओं से घिरा है। कर्नाटक में बेंगलुरु को छोड़कर एक दो शहर ही सही तरह विकसित हो पाए हैं। बेंगलुरु और शेष राज्य में जो आर्थिक असमानता दिखती है, वह यही बताती है कि सरकारों ने अन्य शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया। कर्नाटक उसी तरह की आर्थिक और सामाजिक समस्याओं से जूझ रहा है, जैसे अन्य कई राज्य।

किसी भी दल के लिए कर्नाटक के लोगों की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करना इसलिए कठिन होता है, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र की जनता को संतुष्टि के नाम पर विकास के काम कम, लोकलुभावन योजनाओं पर अधिक ध्यान दिया जाता है। यह किसी से छिपा नहीं कि रेवड़ी राजनीति कर्नाटक के लिए एक समस्या बन गई है। लोकलुभावन योजनाएं पूरी करने के फेर में राज्य की आर्थिक स्थिति कमजोर हुई है। ऐसी योजनाओं से एक तो मुफ्तखोरी की संस्कृति पनपती है और दूसरे राज्य की वित्तीय सेहत बिगड़ती है।

## एकांत में झरते पत्ते

एकांत की उस गहरी चुप्पी में,
जब शब्द भी अपने अर्थ खो बैठते हैं,
मैंने देखा था-
एक-एक झरते पत्तों को।
वे टूट नहीं रहे थे,
बस धीरे-धीरे
अपने वृक्ष से विदा ले रहे थे-
जैसे कोई पुराना सम्बंध
बिना शोर किए समाप्त हो जाता है।
हवा उन्हें दूर ले जाती रही
और वे विरोध भी न कर सके
शायद उन्हें मालूम था
कि बिछड़ना भी
प्रकृति का अनिवार्य गीत है।
धरती पर गिरते हुए
उनके भीतर न कोई शिकायत थी
न कोई क्रोध
सिर्फ एक थकी हुई स्वीकृति-
जैसे रो लेने के बाद
आँखों में बची रह जाती है शांति।
मैं उन्हें देखती रही
और अपने भीतर भी
कुछ झरता हुआ महसूस करती रही-
कुछ स्मृतियाँ,
कुछ अधूरे सपनें,
कुछ ऐसे नाम,
जिन्हें पुकारना अब संभव नहीं।
साँझ और गहरी होती गई
पेड़ विरल होता गया
और पत्तों का वह मौन अवसान
मेरे हृदय में उतरता गया।
तब लगा-
हर झरता हुआ पत्ता
दरअसल किसी का अंत नहीं
एक प्रतीक्षा का संकेत है,
क्योंकि वृक्ष जानता है
विरह के सबसे सुने मौसम के बाद भी
कहीं न कहीं
एक बसंत जन्म ले रहा होता है ॥



डॉ. पल्लवी सिंह 'अनुमेहा'
लेखिका एवं कवयित्री
बैतूल, मध्यप्रदेश

# सरकारी कागजों की 'जादूगरी' और किसान की 'बर्बादी' का दोहरा खेल

लेखकः पूनाराम सियोल (नागौर)

देश में जब भी किसान की खुशहाली का ढोल पीटा जाता है, तो आंकड़ों की एक चमचमाती दुनिया खड़ी कर दी जाती है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) जैसी योजनाओं को किसान का 'सुरक्षा कवच' बताया जाता है। लेकिन धरातल की हकीकत क्या है हकीकत यह है कि यह 'सुरक्षा कवच' वास्तव में बीमा कंपनियों और बिचौलियों की तिजोरियां भरने का एक कानूनी जरिया बन चुका है।

किसान हर साल अपनी जेब से चार-पांच हजार रुपये प्रीमियम भरता है, बाकी का बड़ा हिस्सा सरकार अपनी पीठ थपथपाते हुए कंपनियों के हवाले करती है। लेकिन जब प्रकृति का कहर टूटता है और किसान की उम्मीदें मिट्टी में मिलती हैं, तब शुरू होता है व्यवस्था का वह 'दोगला खेल' जो किसी भी स्वाभिमानी किसान की आंखें खोल देने के लिए काफी है।

पहला खेलः बीमा कंपनी का 'अंधेर सर्वे' और मुआवजे का पक्षपातपूर्ण गणित

जब बेमौसम बारिश या ओलावृष्टि से पूरी फसल तबाह होती है, तो किसान पूरी ईमानदारी से ऐप के जरिए कंपनी को सूचना देता है, दावे ठोकता है। पटवारी आता है, गिरदावरी करता है, नुकसान दर्ज करता है। लेकिन वातानुकूलित दफ्तरों में बैठे बीमा कंपनी के नुमाइंदों को खेत में आने की जहमत तक नहीं होती। वे दफ्तर में बैठकर पूरे क्षेत्र के खराबे को 'शून्य' या 'मामूली' घोषित कर देते हैं।

सबसे हैरान करने वाला और 'आंखें खोलने वाला' खेल तब शुरू होता है जब मुआवजे (क्लेम) का भुगतान खातों में आता है। जब प्राकृतिक आपदा पूरे क्षेत्र में एक समान आई थी, खराबा एक जैसा हुआ था और गिरदावरी की रिपोर्ट एक समान थी, तो फिर मुआवजे के आंकड़ों में इतना बड़ा अंतर कैसे हो गया

यह सीधे-सीधे सिस्टम में फैले भ्रष्टाचार की ओर इशारा है। हमारे क्षेत्र में यह विसंगति साफ देखने को मिली है कि जहाँ एक जैसी बर्बादी होने के बावजूद अधिकांश आम किसानों के खातों में 2000-3000 रुपये का ऊँट के मुँह में जीरा जैसा क्लेम डालकर इतिश्री कर ली गई, वहीं दूसरी ओर कागजी जादूगरी और सिस्टम की मिलीभगत के चलते चंद 'विशेष' खातों में हजारों-लाखों रुपये का भुगतान कर दिया गया।

1. यहाँ तंत्र से सीधा सवाल हैः

अगर खराबा समान था, तो भुगतान का पैमाना अलग क्यों क्या बीमा कंपनी ने उन 'चुनिंदा खातों' के लिए कोई अलग से सर्वे किया था, जो बाकी आम किसानों के लिए नहीं हुआ क्या यह केवल तकनीकी त्रुटि है या फिर बीमा कंपनी और कुछ निहित स्वार्थी तत्वों की साठगांठ से रचा गया एक सोची-समझी धांधली का खेल है

यह विसंगति इस बात का साफ सबूत है कि बीमा कंपनी की सर्वे रिपोर्ट में पारदर्शिता नाम की कोई चीज नहीं है। यह 'चुनिंदा खातों' में मोटा पैसा ट्रांसफर करना सीधे तौर पर व्यवस्था की पोल खोलता है। आम किसान आज भी दफ्तरों के चक्कर काट रहा है, जबकि सिस्टम के चहेतों को उपकृत कर दिया गया। क्या सरकार और प्रशासन इस 'असमान मुआवजे' के पीछे के खेल की जांच करने की हिम्मत जुटाएगा

2 .दूसरा खेलः आंकड़ों का विरोधाभास और दोगली नीतियां

अब आइए इस व्यवस्था के उस विरोधाभास पर, जो सीधे-सीधे किसान की छाती पर मूंग दलने जैसा है।

बीमा कंपनी का गणितः फसल का खराबा सिर्फ 15' है (यानी 85' फसल बिल्कुल सही है)।

खरीद केंद्र (मंडी) का गणितः जब वही किसान अपनी फसल लेकर समर्थन मूल्य पर बेचने सरकारी केंद्र पहुंचता है, तो अधिकारी कहते हैं कि दाने 50' से ज्यादा खराब और दागी हैं, हम इसे नहीं खरीद सकते!

अगर खराबा सिर्फ 15' था, तो मंडी में फसल 50-60' रिजेक्ट कैसे हो गई और अगर मंडी का सर्वे सही है कि फसल 50-60' बर्बाद हो चुकी है, तो बीमा कंपनी ने केवल 15' का क्लेम देकर क्षेत्र के किसानों को क्यों ठगा सरकार के ही दो अंग एक ही फसल का दो अलग-अलग मूल्यांकन कैसे कर सकते हैं

सरकार बनाम बीमा कंपनीः विरोधाभास का सबसे बड़ा सबूत

3. इस पूरे खेल में सबसे बड़ा और चौंकाने वाला झूठ तो सरकार और बीमा कंपनी के आपसी तालमेल की कमी से उजागर होता है। एक तरफ स्वयं सरकार ने इस संपूर्ण क्षेत्र में व्यापक फसल खराब माना है और खराबे के रूप में अधिकतम 17,500 रुपये तक का मुआवजा देने की आधिकारिक घोषणा की है।

यहाँ एक यक्ष प्रश्न खड़ा होता हैः जब सूबे की सरकार खुद अपनी सरकारी गिरदावरी और सर्वे के आधार पर यह मान रही है कि नुकसान इतना बड़ा है कि किसानों को अधिकतम 17,500 रुपये तक की राहत मिलनी चाहिए, तो फिर बीमा कंपनी के 'एसी दफ्तर' में बैठकर कौन सा गणित लगाया जा रहा है कि वे खराबे को महज 15' पर समेट रहे हैं क्या बीमा कंपनियाँ सरकार की रिपोर्ट और उसकी घोषणाओं से भी ऊपर हो गई हैं या फिर यह सीधे-सीधे आपदा में भी किसानों का हक मारने की एक संगठित साजिश है

नतीजाः मजबूर किसान और आढ़तियों की चांदी

इस दोहरी नीति की अंतिम मार किस पर पड़ती है सिर्फ और सिर्फ किसान पर। सरकारी नियम कहते हैं कि 10 से 15' तक दागी दाने होने पर भी फसल समर्थन मूल्य पर खरीदी जा सकती है। लेकिन मंडियों में 'ग्रेडिंग' और 'छंटाई' का ऐसा चक्रव्यूह रचा जाता है कि किसान की 60 से 70' फसल को रिजेक्ट कर दिया जाता है।

हमारे ग्राम खारी कर्म सोता और आस-पास के क्षेत्रों का जो किसान अपनी खून-पसीने की कमाई का 30 क्विंटल मूंग लेकर मंडी गया था, उसका केवल 10 क्विंटल ही सरकारी भाव पर खरीदा गया। बाकी बचा 20 क्विंटल मूंग उसे कौड़ियों के दाम (2500 से 3000 रुपये कुंतल) पर उन्हीं व्यापारियों और आढ़तियों को बेचना पड़ा, जो बाद में इसी माल को ऊंचे दामों पर खपा देते हैं।

4. अब यह दोगली नीति नहीं चलेगी!

यह सीधे-सीधे किसान की जेब पर डकैती है। एक तरफ बीमा कंपनी नुकसान को कम दिखाकर प्रीमियम हजम कर जाती है और सर्वे में भेदभाव करती है, दूसरी तरफ सरकारी खरीद तंत्र नुकसान को ज्यादा दिखाकर फसल खरीदने से पल्ला झाड़ लेता है। इस दोतरफा मार में किसान कहाँ जाए

हमारी मांग साफ और स्पष्ट हैः

या तो सरकार इस विरोधाभास को खत्म करे और बीमा कंपनी से वास्तविक नुकसान (50-60') का पूरा क्लेम दिलाए, जिसे खुद सरकार ने अधिकतम राहत राशि घोषित करके अप्रत्यक्ष रूप से स्वीकार किया है।

या फिर सरकारी तंत्र अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए उस पूरी फसल को समर्थन मूल्य पर खरीदे, क्योंकि मौसम की मार में किसान का कोई दोष नहीं था।

बीमा कंपनियों द्वारा किए जाने वाले क्रॉप कटिंग और नुकसान के सर्वे को पारदर्शी बनाया जाए। इस वर्ष जो खातों में 'हजारों-लाखों' और 'दो-तीन हजार' के भुगतान का आसमान-जमीन का अंतर आया है, उसकी उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच हो ताकि सच सामने आ सके।

अब किसान जाग चुका है। कागजों की बाजीगरी, नीतियों का यह दोगलापन और सर्वे के नाम पर यह भेदभाव अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अन्नदाता अपने हक की लड़ाई लड़ना भी जानता है और इस सोए हुए सिस्टम को जगाना भी!

# नासूर बना गतिरोध

अमेरिका और ईरान में कोई समझौता होने की संभावनाओं के बीच जिस तरह दोनों किसी सहमति पर भी पहुंचते नहीं दिख रहे हैं, उससे किसी के लिए भी कहना कठिन है कि बातचीत सही दिशा में चल रही है और पश्चिम एशिया संकट शीघ्र समाप्त होने वाला है। पिछले लगभग एक माह से कभी अमेरिका वार्ता के सही दिशा में जारी रहने की घोषणाएं करता है तो कभी ईरान अपने रुख में नरमी दिखाता है, लेकिन परिणाम शून्य है। बीच-बीच में अमेरिका और ईरान, दोनों एक-दूसरे को धमकी भी देते रहते हैं। साफ है कि दोनों का एक-दूसरे के प्रति गहरा अविश्वास है और कथित तौर पर मध्यस्थता कर रहा पाकिस्तान संदेशों का आदान-प्रदान करने के अतिरिक्त और कुछ करने की स्थिति में नहीं। इसका कोई खास मतलब नहीं कि दोनों देशों में



युद्धविराम कायम है, क्योंकि वह होर्मुज समुद्री मार्ग बाधित ही है, जिससे विश्व के पांचवें हिस्से की ऊर्जा आपूर्ति होती है। यह आपूर्ति करीब-करीब ठप होने के कारण ऊर्जा संकट गहरा गया है और उसका बुरा असर अमेरिका समेत सभी देशों की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। अब ट्रंप के उन दावों पर भरोसा करना कठिन हो रहा है कि ईरान समझौते के लिए तैयार है। वैसे समझौता न हो पाने के लिए केवल अमेरिका को ही जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि ईरान भी इस जिद पर अड़ा है कि वह होर्मुज पर अपना आधिपत्य नहीं छोड़ेगा और अपने संवर्धित यूरेनियम को लेकर कोई समझौता नहीं करेगा। इसका अर्थ है कि वह परमाणु हथियार बनाने के इरादे का परित्याग नहीं करना चाहता। इसे कोई भी नहीं चाहेगा कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की क्षमता हासिल करे। उसे न केवल परमाणु हथियार हासिल करने के इरादे को छोड़ना होगा, बल्कि होर्मुज पर नियंत्रण रखने की जिद भी छोड़नी होगी। होर्मुज एक स्वतंत्र समुद्री मार्ग है और ईरान को यह अधिकार नहीं दिया जा सकता कि वह उसे अपनी निजी जागीर समझ ले अथवा वहां से गुजरने वाले जहाजों से टैक्स वसूले। यह अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों की अवहेलना करने वाली जिद है। ईरान यह दिखा रहा है कि पश्चिम एशिया संकट जारी रहने से उसकी सेहत पर कोई असर नहीं पड़ रहा है, पर सच यह है कि वह आर्थिक तबाही के मुहाने पर है। ऐसे में उसे अपनी जिद छोड़नी चाहिए। बदले में अमेरिका को भी उसे यह भरोसा दिलाना होगा कि उस पर फिर हमला नहीं होगा। दोनों देशों को यह समझना होगा कि उनके बीच का गतिरोध विश्व अर्थव्यवस्था के लिए नासूर बन गया है।

## ज्येष्ठ पूर्णिमा पर हजारों लोगों को पिलाया शरबत, जल संरक्षण का दिया संदेश



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा के अवसर पर रविवार को राधाविहारी मंदिर मोड़ पर वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत मीठे शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। राधाविहारी मार्केट के व्यापारियों, भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में हजारों लोगों ने शरबत ग्रहण कर गर्मी से राहत पाई। समाजसेवी गोपाल सिंह परमार ने बताया कि ज्येष्ठ मास में शरबत व जल वितरण को पुण्यदायी माना गया है। पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमल पहाड़िया ने कहा कि धार्मिक ग्रंथों में ज्येष्ठ मास में जलदान को महादान बताया गया है और प्यासे को पानी पिलाने का विशेष महत्व माना गया है। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के जिला संयोजक नंदकिशोर शुक्ला ने कहा कि भीषण गर्मी और लू के मौसम में राहगीरों, श्रमिकों व जरूरतमंदों को शीतल पेय उपलब्ध कराना मानव सेवा का कार्य है। उन्होंने जल संरक्षण के महत्व पर भी प्रकाश डाला। भारतपुर संभाग सह मीडिया प्रभारी व जिला मीडिया प्रभारी मुकेश सक्सेना ने कहा कि भारतीय परंपरा में जलदान को विशेष महत्व दिया गया है। वहीं समाजसेवी कुलदीप भट्ट ने इसे जरूरतमंदों की सहायता का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। कार्यक्रम में पूर्व पंचायत समिति सदस्य दीपू कुशवाहा, मंडल प्रभारी प्रदीप सिसोदिया, जिला मंत्री हरेंद्र राव, जिला संयोजक महिला मोर्चा कल्पना शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी लोकेंद्र चौहान, शशि त्यागी, पूजा कुशवाहा, ज्योति शर्मा, नेहा राघव, पूर्व पार्षद रामप्रसाद बघेल सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता व नागरिक उपस्थित रहे

## भाजपा की कार्यशाला में '12 साल विश्वास के' अभियान की रणनीति तैयार




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** भारतीय जनता पार्टी जयपुर शहर की ओर से रविवार को जिला कार्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किए जाने वाले '12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के' अभियान को लेकर महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, संगठनात्मक तैयारियों और जनसंपर्क अभियान पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा जयपुर शहर जिलाध्यक्ष अमित गोयल ने की, जबकि प्रदेश मंत्री नारायण मीणा ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी सदस्य, विधानसभा संयोजक, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष अमित गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास, वैश्विक प्रतिष्ठा, डिजिटल क्रांति, आधारभूत संरचना, स्टार्टअप इकोसिस्टम और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में हुए बदलाव आज स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। प्रदेश मंत्री नारायण मीणा ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा का सशक्त माध्यम है। उन्होंने आगामी अभियानों को संगठन की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए कार्यकर्ताओं से पूरी सक्रियता, अनुशासन और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया, ताकि अभियान अधिकतम लोगों तक पहुंच सके। कार्यशाला में जिला महामंत्री नवरत्न नराणिया, रेखा राठौड़, राजेश तांबी सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में विश्व पर्यावरण दिवस और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से जुड़े कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से आयोजित करने पर भी चर्चा की गई।

## ऊर्जा मंत्री ने किया जन संवाद, वैज्ञानिक पद्धति से वाटर रिचार्जिंग पर दिया जोर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर (कास.)**'। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' के अंतर्गत रविवार को विभिन्न विभागों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं की ओर से जल एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी जन जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कोटा जिले के कनवास क्षेत्र में दौरा कर अभियान की समीक्षा कर इसे सही अर्थों में सार्थक बनाने का आह्वान किया। ऊर्जा मंत्री ने कोटा जिले के कनवास क्षेत्र में अभियान के तहत विभिन्न ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर चल रहे स्वच्छता अभियान की प्रगति और व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने बालूहेड़ा, झालरी, हिंगोनिया, कनवास, सावनभादो, जालिमपुरा और मोरूकलां गांवों का धरातल पर निरीक्षण किया और जन संवाद एवं चौपाल के अंतर्गत स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठकें कीं। ऊर्जा मंत्री ने स्वच्छता और जल संरक्षण को लेकर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि धरातल पर इस अभियान के वास्तविक और जमीनी बदलाव लाने के लिए वे निरंतर प्रयास करें । ग्रामीण विकास और स्वच्छता के कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने घोषणा की कि बेहतर काम करने वाले ग्राम सेवकों को सरकार की ओर से पारितोषिक दिया जाएगा। जबकि अपने कर्तव्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। हीरालाल नागर ने जल संकट से निपटने के लिए जल संचयन की तकनीकों को बढ़ावा देने और ठोस व तरल कचरा प्रबंधन पर विशेष ध्यान केंद्रित करने को कहा। उन्होंने भूजल स्तर को सुधारने के लिए गांवों में वैज्ञानिक पद्धति से सोखता गड्ढों के निर्माण पर जोर दिया, ताकि व्यर्थ बहने वाले पानी से वाटर रिचार्जिंग प्रभावी ढंग से हो सके। जल स्रोतों के पुनरुद्धार व संरक्षण को अनिवार्य बताते हुए उन्होंने पारंपरिक कुओं व बावड़ियों के जीर्णोद्धार पर बल दिया। इसके साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों से अपील की कि वे हर गांव में जाएं और जन भागीदारी के साथ जल स्रोतों पर श्रमदान करें। उन्होंने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए इस अभियान को एक जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे श्री नागर ने ऊर्जा विभाग द्वारा सांगोद की झालरी पंचायत में जलग्रहण विभाग के विकसित चरागाह में पोधारोपण भी किया। ग्राम पंचायत कनवास में प्राचीन बावडी बालापुरा हनुमान मन्दिर पर जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में आमजन ने श्रमदान कर बावड़ी का स्वरूप निखारा।

# शेखावाटी अंचल में भी भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात







जयपुर टाइम्स

**रतनगढ(निस.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें संस्करण का प्रसारण रविवार को रतनगढ़ के वार्ड संख्या 31 सहित शहर के विभिन्न बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से सुना। इस दौरान पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि भी कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के बाद पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने कहा कि 'मन की बात' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों को सकारात्मक सोच, जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करने वाला सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर में हो रहे नवाचारों, सामाजिक सरोकारों, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण तथा युवाओं की उपलब्धियों को सामने लाकर आमजन में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार करते हैं। महर्षि ने कहा कि कार्यक्रम में दिए गए संदेश समाज को जागरूक, जिम्मेदार और विकसित भारत के संकल्प से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने नागरिकों से राष्ट्रहित और समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर रतनगढ़ विधानसभा संयोजक अर्जुन सिंह फ्रांसा, जिला प्रवक्ता ओम महर्षि, शहर मंडल उपाध्यक्ष निरंजन रुन्थला, लक्ष्मीनारायण चंगोईवाल, गिरधारी बाजोरिया, महावीर खेतान, पवन सराफ, बालकृष्ण पौद्दार, महावीर रामगढ़िया, श्याम खेमका सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व वार्डवासी उपस्थित रहे।

**मंडावा** भाजपा नगर मंडल की ओर से रविवार को फतेहपुर बस स्टैंड स्थित सिंघासन हवेली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम के बाद भाजपा नेता प्यारेलाल ढूकिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 'मन की बात' समाज को सकारात्मक दिशा देने और राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करने वाला प्रेरणादायी माध्यम है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम देश के आम नागरिकों की असाधारण उपलब्धियों और उनके योगदान को सामने लाकर समाज को जोड़ने का कार्य करता है। इस बार प्रधानमंत्री ने रांची में आयोजित नेशनल फेडरेशन कप में खिलाड़ियों के रिकॉर्ड प्रदर्शन की सराहना कर युवाओं का उत्साहवर्धन किया। साथ ही आगामी विश्व पर्यावरण दिवस के मद्देनजर पर्यावरण संरक्षण और जल स्रोतों के संवर्धन का संदेश भी दिया। ढूकिया ने कहा कि तकनीकी युग में भी युवाओं को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रहने की प्रेरणा मिलती है। यह संवाद आत्मनिर्भरता, जनभागीदारी और राष्ट्रहित की भावना को सशक्त बनाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह मासिक संबोधन अब केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन का अभियान बन चुका है। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला मंत्री संदीप शर्मा, मंडल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, कैलाश पीपलवा, एस.एन. इंदोरिया, आलोक शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, बबलू भाया, महावीर शर्मा, बाबूलाल सैनी, बी.आर. मेघवाल सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**सुजानगढ** स्थानीय भाजपा शहर मंडल कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का 134वां संस्करण विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार के मुख्य आतिथ्य में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से सुना गया। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से बढ़ती गर्मी के बीच सतर्कता बरतने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी बताया कि हमारी रसोई में मौजूद पारंपरिक पेय और खान-पान की संस्कृति गर्मी से बचाव का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंनें देशवासियों को जनभागीदारी, नवाचार, आत्मनिर्भरता, युवा शक्ति, स्थानीय उत्पादों के प्रोत्साहन, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण तथा राष्ट्र निर्माण से जुड़े प्रेरणादायी विचार साझा किए। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, भाजपा नेता संतोष मेघवाल, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री जयश्री दाधीच, एससी मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप, जिला मंत्री पवन माहेश्वरी, जिला प्रवक्ता मनीष दाधीच, भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया, महामंत्री प्रकाश भार्गव, गौरव इंदौरिया, बुद्धिप्रकाश सोनी, विजय चौहान, उपाध्यक्ष सुमन सामरिया, अमरचंद सेन, मंडल मंत्री मुरारी खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष प्रकाश सोनी, निवर्तमान पार्षद मनोज पारीक, गणेश मंडावरिया, पंकज घासोलिया, पुरषोत्तम शर्मा, रेवंतमल पंवार, प्रेम स्वामी, सीताराम माली, श्रीराम बिहानी, आशीष चोटिया, कमल दाधीच, गंगाधर लाखन, मदन भारी, सुरेश शर्मा, विजय सिंह, विश्वनाथ, भवानी, रमेश कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**तारानगर** तारानगर के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें एपिसोड को सुना और इसे गहराई से आत्मसात किया। जांगिड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातों में राष्ट्रहित, जनकल्याण और सेवा का संकल्प स्पष्ट रूप से झलकता है इनका हर शब्द देश के करोड़ों नागरिकों को प्रेरित करता है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का मार्ग दिखाता है। जांगिड़ ने बताया कि 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री की ओर से देश के कोने-कोने से आने वाली सकारात्मक कहानियों और नवाचारों का जिक्र किया जाता है, जो नए भारत के निर्माण की झलक देता है। जांगिड़ ने भाजपा कार्यकर्ताओं और आमजन से भी 'मन की बात' कार्यक्रम को सुनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हर एपिसोड में सामाजिक सरोकार, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, स्वच्छता और आत्मनिर्भर भारत जैसे विषयों पर चर्चा करते हैं। ये सभी विषय सीधे तौर पर जनजीवन से जुड़े हैं। युवाओं को विशेष रूप से इससे जुड़कर प्रेरणा लेनी चाहिए। जांगिड़ ने कहा कि वर्तमान में चल रहे 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' के दौर में प्रधानमंत्री की ओर से जल संरक्षण पर बार-बार दिया गया संदेश और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। मोदी ने हमेशा कहा है कि जल ही जीवन है और हमें बूंद-बूंद पानी बचाना होगा। तारानगर में पक्का जोहड़ जैसे पारंपरिक जल स्रोतों को बचाने का हमारा प्रयास भी इसी दिशा में एक कदम है।

## भारत विकास परिषद बाड़ी के दायित्व ग्रहण समारोह व कार्यशाला का समापन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** भारत विकास परिषद शाखा बाड़ी (राजस्थान पूर्व) की ओर से कन्हैया रिसोर्ट में कार्यशाला व दायित्व ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम उत्साह, संगठनात्मक ऊर्जा और सेवा भावना के वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें परिषद के क्षेत्रीय, प्रांतीय एवं शाखा स्तर के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में सदस्य व मातृशक्ति उपस्थित रही। समारोह में क्षेत्रीय संगठन मंत्री विकांत खंडेलवाल, क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव डॉ. शिवदयाल मंगल, प्रांतीय महासचिव डॉ. धर्मेंद्र मित्तल, प्रांतीय संगठन सचिव आदित्य भारद्वाज एवं प्रांतीय गतिविधि संयोजिका सरोज मंगल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर नवगठित शाखा कार्यकारिणी व विभिन्न प्रकल्प प्रभारियों का दायित्व ग्रहण समारोह भी आयोजित किया गया। नवदायित्वधारियों ने परिषद के मूल मंत्र 'सेवा, संस्कार व समर्पण' के अनुरूप समाज एवं राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में परिषद की सेवा गतिविधियों, संगठन विस्तार, सामाजिक समरसता व संस्कारमूलक कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए सदस्यों से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। शाखा अध्यक्ष मनोज कुमार शिवहरे ने परिषद की आगामी योजनाओं एवं सामाजिक दायित्वों की जानकारी देते हुए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में परिवार संस्कार, भारत को जानो, राष्ट्रीय समूह गान, मेधावी छात्र सम्मान, प्रौढ़ संस्कार व युवा प्रखर गतिविधियों सहित विभिन्न प्रकल्पों पर चर्चा की गई। साथ ही नए सदस्यों को परिषद की सदस्यता व संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम का संचालन शाखा सचिव धर्मेंद्र गर्ग व नीतू सिंघल ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

## वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत पाली जिले के गवाई तालाब में श्रमदान, पौधारोपण व जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स



**जयपुर (कास.)** ।वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026 के तहत रविवार को पाली जिले के तखतगढ़ स्थित गवाई तालाब पर पशुपालन एवं डेयरी, गोपालन तथा देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत के सानिध्य में विभिन्न जनहितकारी गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इसके पश्चात श्रमदान, पौधारोपण, स्वच्छता अभियान एवं जनजागरूकता रैली सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। अभियान के अंतर्गत महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई, वेस्ट प्लास्टिक का संकलन तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्य किए गए इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को नो प्लास्टिक उपयोग की शपथ एवं वंदे गंगा अभियान की शपथ दिलाई गई। अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाना तथा जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

## वंदे गंगा अभियान बना जनआंदोलन, जयपुर जिले में 3500 से अधिक लोगों ने निभाई भागीदारी



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026 के तहत ज्येष्ठ पूर्णिमा पर रविवार को जयपुर जिले में जल संरक्षण, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर व्यापक जनभागीदारी देखने को मिली। जिले के विभिन्न ब्लॉकों, पंचायत समितियों, नगरीय निकायों, स्वयंसेवी संस्थाओं और स्वयं सहायता समूहों की सहभागिता से आयोजित कार्यक्रमों में 3500 से अधिक नागरिकों ने भाग लेकर जल बचाने का संदेश दिया।

जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा ने बताया कि अभियान के अंतर्गत चौगान स्टेडियम स्थित जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र से वंदे गंगा पैदल रैली एवं साइकिल रैली का आयोजन किया गया। खेल अधिकारी मानसिंह ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को जल एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। पंचायत समिति शाहपुरा क्षेत्र अभियान का प्रमुख केंद्र रहा, जहां एक ही दिन में 61 विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया और लगभग 2068 नागरिकों ने सहभागिता निभाई। मनोहरपुरा ग्राम पंचायत में ग्रामीणों एवं महिलाओं ने श्रमदान कर जल संरक्षण संरचनाओं की सफाई, डी-सिल्टिंग, पौधारोपण की तैयारी तथा स्वच्छता गतिविधियों में भाग लिया। ग्रामीणों ने जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का संकल्प भी लिया। मौजमाबाद पंचायत समिति की सभी ग्राम पंचायतों में जल जागरूकता रैलियां एवं साइकिल रैलियां आयोजित की गईं, जिनमें जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों सहित लगभग 125 लोगों ने भाग लिया। वहीं कोटखावदा ब्लॉक में प्रभात फेरियों, जागरूकता रैलियों और साइकिल रैलियों में करीब 250 प्रतिभागी शामिल हुए। नगर पालिका दूदू क्षेत्र में प्रभात फेरी, जल स्रोतों की सफाई, बावड़ियों और खेलियों के




संरक्षण, परिंडे लगाने, पशुओं के लिए पेयजल व्यवस्था, दीप प्रज्वलन एवं नो-प्लास्टिक गतिविधियों सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें लगभग 450 नागरिकों ने भाग लिया। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने भी अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई। नगर पालिका चाकसू में मनोहरा तालाब एवं गोलीराव तालाब पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इसके साथ ही विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ लगाकर राहगीरों को पेयजल उपलब्ध कराया गया तथा कपड़े के थैले वितरित कर प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली का संदेश दिया गया। कार्यक्रमों में करीब 250 लोगों ने भागीदारी निभाई। अभियान के तहत जिलेभर में जल संग्रहण संरचनाओं की गाद निकासी, बावड़ियों और जल स्रोतों की सफाई, पशु खेलियों का रखरखाव, जल सेवा, परिंडे स्थापना, महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई, दीप प्रज्वलन, पौधारोपण की तैयारियां तथा प्लास्टिक कचरे के निस्तारण जैसी गतिविधियां भी आयोजित की गईं। जिला प्रशासन के अनुसार इन कार्यक्रमों के माध्यम से जल संरक्षण, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ जनभागीदारी को मजबूत करने का सफल प्रयास किया गया। अभियान के तहत आने वाले दिनों में भी जिलेभर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन जारी रहेगा।

## जैविक और प्राकृतिक खेती से बढ़ेगी किसानों की आय, बचेगा पर्यावरण: भागीरथ चौधरी

जयपुर टाइम्स



**भीलवाड़ा(निस.)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि जैविक व प्राकृतिक खेती किसानों की आय बढ़ाने, खेती की लागत घटाने और पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित खेती को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि टिकाऊ कृषि व्यवस्था और स्वस्थ खाद्य उत्पादन के लिए प्राकृतिक खेती समय की आवश्यकता बन गई है। केंद्रीय मंत्री रविवार को भीलवाड़ा स्थित आरसीएम वर्ल्ड, स्वरूपगंज में 'सुविचार (सुरभि विहार चारागाह रक्षण) अभियान' के अंतर्गत गो आधारित जैविक व प्राकृतिक खेती पर आयोजित पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार किसानों को रसायन-मुक्त व पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियों से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्राकृतिक खेती, जैविक खेती, जल संरक्षण तथा मृदा स्वास्थ्य संवर्धन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे किसानों को कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त करने के साथ-साथ भूमि की उर्वरता बनाए रखने में भी मदद मिल रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि खेती में स्थानीय संसाधनों का अधिकतम उपयोग कर किसान आत्मनिर्भर बन सकते हैं। प्राकृतिक खेती न केवल उत्पादन लागत को कम करती है, बल्कि मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि देशी गाय आधारित कृषि मॉडल किसानों के लिए लाभकारी साबित हो रहा है और इसके माध्यम से जैविक कृषि को नई दिशा मिल रही है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान किसानों को जैविक व प्राकृतिक खेती के वैज्ञानिक व व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने देशी गाय आधारित कृषि मॉडल, जीवामृत, बीजामृत, मल्चिंग, जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य संवर्धन तथा प्राकृतिक संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया। किसानों को खेती की आधुनिक चुनौतियों के बीच प्राकृतिक विकल्पों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल, स्थानीय जनप्रतिनिधि, गोसेवा से जुड़े कार्यकर्ता, कृषि विशेषज्ञ, किसान एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। वक्ताओं ने जैविक और प्राकृतिक खेती को कृषि क्षेत्र के भविष्य के रूप में बताते हुए इसके व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर बल दिया।

## एनसीसी कैडेट्स ने निकाली नशा मुक्ति रैली, युवाओं को दिया जागरूकता का संदेश



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** बड़ागांव बस स्टैंड स्थित गोमती देवी पीजी महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली निकालकर आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। रैली महाविद्यालय परिसर से शुरू होकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र होते हुए मुख्य बाजार तक निकाली गई रैली के दौरान कैडेट्स ने नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश दिया। महाविद्यालय के निदेशक डॉ. सी.एल. शर्मा ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए विनाश का कारण बनता है। उन्होंने कहा कि आमजन को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करना एनसीसी यूनिट की सराहनीय पहल है और यह संस्था की विशेष पहचान बन चुकी है। प्राचार्या डॉ. निधि शेखावत ने लोगों से नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने की अपील की। इस अवसर पर सूबेदार मेजर आजाद सिंह ने एनसीसी कैडेट्स को नशे से दूर रहने तथा समाज में जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के अंत में एनसीसी के सीटीओ नरेंद्र सिंह ने रैली के सफल आयोजन पर सभी कैडेट्स का आभार व्यक्त किया।

## भूतनाथ मुक्ति धाम में नए ट्यूबवेल निर्माण कार्य का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** शहर के भूतनाथ मुक्ति धाम में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से खटीक समाज के सहयोग से नए ट्यूबवेल निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। निर्माण कार्य प्रारंभ होने से पहले पंडित अशोक पाराशर ने पूजन कर ट्यूबवेल निर्माण कार्य का श्रीगणेश कराया। समाज के लोगों ने बताया कि मुक्ति धाम में भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए जनसहयोग से यह कार्य कराया जा रहा है, जिससे यहां आने वाले लोगों को पेयजल सहित पानी की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि रामावतार चावला, सत्यनारायण बड़गुजर, सनातन धर्म मंडल के बनवारी पुजारी, दीनदयाल जोशी, सुरेश जाजोदिया, जयशंकर पुजारी, पारस चूड़ीवाला, संदीप बजाज, राजेश जाजोदिया, फूलचंद चावला, रवि सामरिया, मांगीलाल सहित समाज के अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

## ज्येष्ठ पूर्णिमा पर कच्ची बस्तियों में बांटा आम रस, फ्रूटी व बिस्किट




जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर रविवार को लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट, लक्ष्मणगढ़ की ओर से कच्ची बस्तियों में सेवा व आध्यात्मिक चेतना अभियान के तहत जरूरतमंद परिवारों के बीच आम रस, फ्रूटी व बिस्किट वितरित किए गए। भामाशाहों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सम्मान, सहयोग और अपनत्व की भावना पहुंचाना रहा।ट्रस्ट पदाधिकारियों ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाने के लिए यह सेवा कार्य किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों व महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। ट्रस्ट सदस्यों ने लोगों को समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश देते हुए सेवा कार्यों में समाज की भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया। पदाधिकारियों ने बताया कि ट्रस्ट की ओर से समय-समय पर कच्ची बस्तियों में विभिन्न जनसेवा गतिविधियां संचालित की जाती हैं। वर्तमान में पक्षियों के लिए परिंडे लगाने, दाना-पानी की व्यवस्था करने तथा आमजन को शीतल पेय उपलब्ध कराने का अभियान भी निरंतर चल रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को राजकीय अस्पताल में मरीजों व उनके परिजनों के लिए निःशुल्क छाछ वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में संरक्षक गिरधारलाल जाजोदिया, यादव शास्त्री, राजेंद्र कुमार शर्मा, कमल कुमावत सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

## यंग्स क्लब ने शुरू किया आठवें जलसेवा प्वाइंट का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** प्रचंड गर्मी के मौसम में रविवार को कैंपर्स की ओर से निःशुल्क पेय जल सेवा प्रकल्प का 8 वा प्वाइंट मुरलीधर करुणा कनोई की स्मृति में आदित्य निशा कनोई के सौजन्य से व क्लब अध्यक्ष निर्मल कुमार भूतोड़िया की प्रेरणा से रामपुरिया कॉटेज के समीप शुरू किया गया। क्लब के




सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि इस सेवा प्रकल्प के तीसरे चरण का शुभारम्भ प्रख्यात सर्जन व समाजसेवी डॉ सरोज कुमार छाबड़ा ने किया। इस अवसर पर योजना प्रेरक राजेंद्र गिडिया, हेमराज नाहटा, समाज सेवी राजकुमार क्याल, हरि प्रसाद तोदी, राजेंद्र कनोई, कमलनयन तोषनीवाल, क्लब प्रतिनिधि गोपाल बी चोटिया, गिरधर शर्मा, कुणाल सोनी, प्रतीक, अंकित चोटिया मौजूद रहे। गर्मी का मौसम शुरू होने के साथ गत डेढ़ माह से क्लब के सामने कमलेश भरत डुंगरवाल (बेंगलुरू प्रवासी), जनाना अस्पताल (नाथो तालाब के पास) एलिन इलेक्ट्रॉनिक्स, सेठिया परिवार दिल्ली का सौजन्य तथा डी सी एम रोड का प्वाइंट हरकचंद सरावगी के स्मृति में, डी वाई एस पी ऑफिस के पास देवसागर सिंघी जैन मंदिर ट्रस्ट की ओर से, तहसील कार्यालय में मोहिनी देवी छाबड़ा के सौजन्य से, पंचायत समिति के सामने झंकार नवरतन सुराणा के सहयोग तथा शिवालय ठरड़ा में भागीरथ चांडक व कांता देवी चांडक सहित कौशल्या देवी प्रकाशचंद गुलेरिया के सहयोग से अस्थाई प्याऊ के माध्यम से जल सेवा की जा रही है।

# सामाजिक जागृति के लिए शिक्षक का सम्मान जरूरी

जयपुर टाइम्स




**मण्डावा(निस)।** भाजपा नेता प्यारेलाल ढूकिया ने कहा है कि सामाजिक जागृति का मूल आधार शिक्षा है, और शिक्षक उस शिक्षा के मुख्य वाहक होते हैं। समाज में सकारात्मक बदलाव, नई सोच और सशक्त पीढ़ियों का निर्माण शिक्षकों के बिना असंभव है। इसलिए, उनका सम्मान करना और उन्हें उचित स्थान देना एक जागृत और प्रगतिशील समाज के लिए बेहद आवश्यक है।
वे रविवार को कस्बे के वार्ड 8 स्थित होटल शेखावाटी में कस्बेवासियों की ओर से शारीरिक शिक्षक नरेन्द्र कुमार चौपदार की उत्कृष्ट व उल्लेखनीय सेवा के लिए आयोजित सम्मान समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल किताबी ज्ञान नहीं देते, बल्कि वे आने वाली पीढ़ी के चरित्र और नैतिक मूल्यों को आकार देते हैं। जब शिक्षक को समाज में उचित सम्मान मिलता है, तो वे अधिक ऊर्जा और समर्पण के साथ अपना कार्य करते हैं। वे छात्रों में सही और गलत का फर्क करना, आलोचनात्मक सोच और सामाजिक अधिकारों के प्रति जागरूकता पैदा करते हैं। विद्यालय विभिन्न संस्कृतियों और पृष्ठभूमि के बच्चों का मिलन स्थल होते हैं। शिक्षक ही छात्रों में विविधता के बीच एकता और सामाजिक समरसता की भावना स्थापित करते हैं।जब समाज शिक्षकों को सम्मान की दृष्टि से देखता है, तो यह युवाओं को भी इस पेशे को अपनाने के लिए प्रेरित करता है। एक सम्मानित और संतुष्ट शिक्षक ही एक मजबूत, शिक्षित और प्रगतिशील राष्ट्र की नींव रख सकता है। प्राचीन काल से ही भारतीय संस्कृति में शिक्षकों (गुरुओं) को सर्वोच्च स्थान दिया गया है, और सामाजिक कल्याण के लिए इस परंपरा को बनाए रखना आज भी अत्यंत प्रासंगिक है। इस दौरान उपस्थित लोगों ने शिक्षक नरेन्द्र चौपदार को माला पहना कर, शॉफा - शॉल ओढ़ाकर व उपहार भेंटकर सम्मान किया। कार्यक्रम में शिक्षाविद्ध सुभाषचन्द्र बावलिया, मास्टर संतू चौपदार, संदीप शर्मा, बाबूलाल सैनी, अधिशाषी अभियन्ता देवेन्द्र सैनी, संजय चौपदार, विनोद पारीक, सुनील सैनी, नंदकिशोर यादव, कैलाश सुरोलिया , दिनेश यादव, दिनेश देवड़ा, मंयक देवड़ा सहित अनेक अनेक लोग उपस्थित रहे।

## समाज सेवा व अभिरुचि शिविर का समापन


### छात्राओं ने सीखा अनुशासन और परिश्रम का पाठ



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** स्थानीय पीएमश्री श्री यूनियन क्लब राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में चल रहे पंद्रह दिवसीय समाज सेवा व अभिरुचि शिविर का हर्षोल्लास के साथ समापन हो गया। समापन समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक सुशील शर्मा ने की। इस अवसर पर उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए सुशील शर्मा ने कहा कि छात्राएं ऐसे समाज सेवा शिविरों के माध्यम से अपने जीवन में अनुशासन, सृजनशीलता और परिश्रम का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करती हैं। उन्होंने छात्राओं को निरंतर स्वाध्याय करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि नियमित अध्ययन से ही सर्वांगीण मानसिक विकास संभव है, जो उन्हें भविष्य में सफलता की ओर ले जाएगा। पंद्रह दिवसीय इस विशेष शिविर के दौरान छात्राओं ने बढ़-चढ़कर विभिन्न रचनात्मक एवं जनोपयोगी गतिविधियों में हिस्सा लिया। इस दौरान विद्यालय सौंदर्यकरण, अल्प बचत, उपभोक्ता संरक्षण, प्राथमिक उपचार, पर्यावरण संरक्षण, सिलाई तथा भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए परिंडे निर्माण जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए। कार्यक्रम के अंत में शिविर के दौरान आयोजित हुई मेहंदी प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिविर प्रभारी मनोज सारस्वत, कन्हैया लाल जांगिड़, कंचनलता पुरोहित, प्रतिभा दर्जी, रचना पारीक और सरिता सैनी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ व छात्राएं उपस्थित रही।

## माहेश्वरी सभा के चुनावः झंवर अध्यक्ष, सोमानी बने मंत्री




**सरदारशहर(निस)।** शहर के माहेश्वरी भवन में रविवार को तहसील माहेश्वरी सभा के त्रैवार्षिक चुनाव कन्हैयालाल धूत की अध्यक्षता व चुनाव अधिकारी महावीर प्रसाद मिमाणी की ओर से सम्पन्न करवाए गए। जिला मंत्री विकास लखोटिया, वर्तमान तहसील अध्यक्ष मांगीलाल लखोटिया, सचिव सुमित सोमानी तथा समाज के लोगों की उपस्थिति में चुनाव सम्पन्न हुए। चुनाव में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पवन झंवर, सचिव सुमित सोमाणी, कोषाध्यक्ष हेमन्त कर्वा को बनाया गया। कार्यकारणी में सदस्य भंवरलाल तोसनीवाल, ललित लखोटिया, हनुमान प्रसाद डागा, सत्यनारायण चांडक, सुरेश मिमाणी, रामवतार चांडक, सुरेश पेडीवाल, जुगल किशोर लखोटिया को शामिल किया गया है। इस अवसर पर महेश डागा, महेश करनानी, शंकरलाल पेड़ीवाल सहित अनेक समाज बंधु उपस्थित रहे। चुनाव प्रक्रिया के पश्चात नवनिर्वाचित अध्यक्ष व मंत्री ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## तहसीलदार ने किया निरीक्षण, समाज सेवा शिविर का समापन




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के निकटवर्ती ग्राम बरड़ासर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 17 मई से 31मई तक समाज सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान श्रमदान, पेड़ों की निराई गुड़ाई, परिण्डे लगायें तथा रचनात्मक कलाकृतियां का निर्माण, कविता पाठ, राजस्थानी भाषा पर संगोष्ठी तथा विश्व तम्बाकू निषेध दिवस सहित अनेक समाजोपयोगी कार्यक्रम आयोजित किए गए। रविवार को समापन समारोह में मुख्य अतिथि तहसीलदार रतनलाल मीणा ने बच्चों की ओर से तैयार कलाकृतियां का अवलोकन किया। इस अवसर पर प्राचार्य कैलाश गण्डास, प्राचार्य संदीप शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता गणेशदास स्वामी, सेवानिवृत्त शिक्षक गोविन्द लाल स्वामी, पूर्व छात्रा व व्याख्याता सरिता स्वामी, चेतना व विद्यालय के छात्र, छात्राएं उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों की ओर से तैयार की गई कलाकृतियां की प्रशंसा की। शिविर प्रभारी सुनिता स्वामी ने शिविर के बारे में विभिन्न जानकारियां दी। विद्यालय के प्राचार्य रूपाराम मेव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## गौशाला में नानी बाई रो मायरो कथा संपन्न, 50 से अधिक श्रद्धालुओं ने किया तुलादान

जयपुर टाइम्स



**बीदासर(निस)।** श्री रामकृष्ण गौशाला दड़ीबा में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर आयोजित पांच दिवसीय नानी बाई रो मायरो कथा का समापन श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उत्साह के साथ हुआ। यह आयोजन धधेरू निवासी आसुराम सुथार गैपाल परिवार द्वारा स्वर्गीय गौरा देवी सुथार की स्मृति में गौसेवा के उद्देश्य से कराया गया। कथा के दौरान संत शंकरदास महाराज ने अपने मुखारविंद से भक्तों को नानी बाई रो मायरो की भावपूर्ण कथा का श्रवण कराया। समापन अवसर पर श्री रामकृष्ण गौशाला समिति की ओर से अधिक मास के उपलक्ष्य में तुलादान कार्यक्रम आयोजित किया गया। आचार्य पंडित हनुमानमल पारीक ने श्रद्धालुओं को तुलादान का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में 50 से अधिक श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक तुलादान कर गौसेवा में अपना योगदान दिया। कथा आयोजक भामाशाह चांदाराम सुथार ने कहा कि गौमाता की सेवा से बढ़कर कोई पुण्य कार्य नहीं है तथा ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सेवा, संस्कार और धर्म के प्रति जागरूकता का संदेश मिलता है। इस अवसर पर गौशाला समिति अध्यक्ष मदनलाल बोरावड़, उपाध्यक्ष किशनलाल भोभरिया, चांदाराम सुथार, कैलाशचंद्र सुथार, हरीराम सुथार, घनश्यामजल गुरुजी, मनमोहन शर्मा, अशोक शर्मा, नथमल भोभरिया, ओमप्रकाश छापोला, सहदेव, चंद्रप्रकाश खुड़िया, जैसाराम दर्जी, शोभाचंद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## घनश्याम चौपड़ा बने बगरू कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष



**सांगानेर(निस)।** बगरू ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के ओबीसी प्रकोष्ठ में श्रीरामपुरा निवासी घनश्याम चोपड़ा को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष हरसहाय यादव का आभार व्यक्त करते हुए उनका भी सम्मान किया। कार्यक्रम में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष हरसहाय यादव के आवास पर पहुंचे और नव-नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम चोपड़ा को शुभकामनाएं दीं। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई मजबूती मिलेगी तथा OBC वर्ग से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस संगठन लगातार सामाजिक न्याय और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए कार्य कर रहा है। घनश्याम चोपड़ा की नियुक्ति से क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति मिलेगी और कार्यकर्ताओं को एक मजबूत नेतृत्व प्राप्त होगा। कार्यक्रम में सुवालाल चौधरी, गणेश गणवाल, हनुमान मुण्ड, ललित गोलाड़ा, ग्यारसीलाल शर्मा, भारतीलाल शर्मा, मोहन प्रजापत, गोवर्धन मीणा, श्योजीराम यादव, राजेंद्र टोडावता, श्योजीराम डागर, हजारीलाल निठारवाल, गोपीचंद शर्मा, जगदीश प्रजापत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता वैद्य भंवरलाल शर्मा का किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता वैद्य भंवरलाल शर्मा का गोपाल गौशाला में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड अध्यक्ष रामगोपाल सुथार ने गायों को गुड़, हरा चारा खिलाकर गौसेवा की। कार्यक्रम में सुथार ने वैद्य भंवरलाल का साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, बीदासर निवर्तमान प्रधान संतोष मेघवाल, एससी मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री जयश्री दाधीच, जिला प्रवक्ता मनीष दाधीच, जिला मंत्री पवन माहेश्वरी, नगर अध्यक्ष विनय माटोलिया, महेश जोशी, विजय चौहान, रेवन्तमल पंवार, बुद्धिप्रकाश सोनी, जिला प्रवक्ता विश्वदीपक काछवाल, एडवोकेट मनीष गोठड़िया, मदन भारी, प्रकाश भार्गव, दीनदयाल पारीक, प्रेम प्रकाश स्वामी, भवानी रांकावत, नरेंद्र गुर्जर, विश्वनाथ बारवासा, दीपक कौशिक, विक्की काछवाल, शंकर जिलोया, कमल पीपलवा, नमन शर्मा, विष्णु अरोड़ा, आशीष चोटिया, पवन सैनी, अभिषेक चौहान, अभिषेक दाधीच, शिवभगवान दर्जी, वैद्य मांगीलाल शर्मा, गणेश मंडावरिया, पुरुषोत्तम शर्मा सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी वैद्य भंवरलाल काछवाल का स्वागत किया।

## किसान सभा की तहसील बैठक में राज्य सम्मेलन की तैयारियों पर मंथन

जयपुर टाइम्स




**तारानगर(निस)।** अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी की विस्तृत बैठक तहसील अध्यक्ष पूर्णाराम सरावग की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में अगस्त माह में तारानगर में प्रस्तावित राज्य सम्मेलन की तैयारियों के साथ-साथ बकाया फसल बीमा क्लेम, 765 केवी हाई टेंशन लाइन के मुआवजे तथा फाइनेंस कंपनियों की कथित लूट और कुर्की जैसे किसान हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। किसान सभा के राज्य कमेटी सदस्य कॉमरेड निर्मल कुमार ने 21, 22 और 23 अगस्त को तारानगर में आयोजित होने वाले राज्य सम्मेलन की तैयारियों तथा स्वागत समिति के गठन को लेकर विचार-विमर्श किया। जिला अध्यक्ष इंद्राज सिंह ने पर्यवेक्षक के रूप में बैठक को संबोधित करते हुए सरकारों की नीतियों की आलोचना की और किसानों के विभिन्न मुद्दों पर एकजुट होकर आंदोलन करने का आह्वान किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि राज्य सम्मेलन के लिए 14 जून को कस्बे के इंद्रलोक भवन में स्वागत समिति का गठन किया जाएगा। इसके लिए तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए सात सदस्यीय समिति का गठन भी किया गया।
बैठक को कॉमरेड चिमनाराम पांडर, उमराव सहारण, एडवोकेट मुकेश शर्मा और रमेश रामपुरा सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। इस अवसर पर कॉमरेड काशीराम पूनिया, मनोहरलाल शर्मा, गोपीराम पुरोहित, विजयपाल गोस्वामी, नरेश घायल, दाताराम भाकर, सीताराम सहारण, श्योकरण भांभू, किशन शर्मा, नितेश उपाध्याय, धर्मपाल डागर सहित किसान सभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विक्रम सोनी ने किया।

## लालगढ़ से आई टीम ने दिया धरने को समर्थन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नगरपरिषद के बाहर अजय ढ़ेनवाल के नेतृत्व में चल रहा धरना लगातार 29 वें दिन रविवार को भी जारी रहा। गांधी चौक पार्क में महापुरूषों की मूर्तियां लगाए जाने की मांग को लेकर चल रहे धरने पर तरुण सियोता, इकबाल खान कायमखानी, बिलाल भूरान, मुकुल मिश्रा, एडवोकेट तिलोक मेघवाल, आत्माराम तेजी, शंकरलाल लाखन, राजू सिंह भाटी, लालचंद बेदी, नूर मोहम्मद खान पहाड़ियान आदि लोगों ने शिरकत की। अजय ढ़ेनवाल ने बताया कि लालगढ़ की टीम अनिश्चिचत कालीन धरने पहुंची और मांगों को लेकर समर्थन दिया। अखाराम, कालूराम, नेमाराम, घुडाराम, सुभाष मेघवाल आदि लालगढ़ से धरने पर पहुंचे।

## सरकार जन समस्याओं के समाधान पर दे ध्यानः डोली

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** पचपदरा से विधानसभा चुनाव लड़ चुके आरएलपी नेता थानसिंह डोली के सुजानगढ़ आगमन पर आरएलपी कार्यकर्ताओं ने उनका माल्यार्पण कर व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर थानसिंह डोली ने कहा कि आज प्रदेश की सरकार केवल जनता की मूलभूत जरूरतों बिजली, पानी सड़क, चिकित्सा, शिक्षा आदि की समस्याओं के समाधान करने के बजाय केवल इवेंटबाजी और अपने खुद के विरोध को दबाने में उर्जा खर्च कर रही है, जो कि लोकतंत्र में काफी गलत है। डोली ने कहा कि सरकार को जन सुविधाओ को बढ़ाने, जनता की समस्याओं का समाधान करने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल के नेतृत्व में आरएलपी के कार्यकर्ता लगातार जनहितों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। आरएलपी नेता रतनलाल नायक के सानिध्य में नायक बस्ती में आयोजित कार्यक्रम में हरीराम चाड़वास, तोलाराम बालेरां, गोपाल राव, सोहनलाल प्रजापत, मनोहर नायक, राजेंद्र भंवरिया, अनिल चौधरी, जोरावर नायक, मदनलाल आदि ने माल्यार्पण कर थान सिंह डोली का स्वागत किया।

## मृतक की शिनाख्त, परिजनों को सुपुर्द

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** गत दिवस को खानपुर फाटक के पास रेलगाड़ी की चपेट में आने से हुई युवक की मौत के मामले में युवक की पहचान रामरतन स्वामी (19) पुत्र ओमप्रकाश स्वामी, निवासी गांव ओडिंट के रूप में हुई। परिजनों ने सुजानगढ़ अस्पताल पहुंचकर शिनाख्त की। वहीं रविवार को दिन में लाडनू पुलिस ने परिजनों से रिपोर्ट लेकर, शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

# एनएच-44 पर गड्ढों ने रोकी रफ्तार, 5 किमी लंबा जाम, एम्बुलेंस भी फंसी

जयपुर टाइम्स

**मनिया(धौलपुर)।** धौलपुर जिले के मनिया उपखंड से गुजरने वाले नेशनल हाईवे-44 पर रविवार को सड़क की बदहाल स्थिति लोगों के लिए भारी परेशानी का कारण बन गई। हाईवे पर बने गहरे गड्ढों के चलते सुबह करीब 7 बजे शुरू हुआ जाम दोपहर तक विकराल रूप ले गया। हालात ऐसे बने कि सुआ का बाग से लेकर सियापुरा मोड़ तक दोनों ओर करीब 5 किलोमीटर लंबी वाहनों की कतार लग गई और यातायात लगभग ठप हो गया।



जानकारी के अनुसार हाईवे के बीचों-बीच बने गहरे गड्ढों में एक ट्रक फंसकर खराब हो गया, जिसके बाद यातायात बाधित हो गया। देखते ही देखते वाहनों की लंबी कतार लग गई। कई अन्य ट्रक, कारें और टेम्पो भी गड्ढों में फंसकर खराब हो गए, जिससे जाम की स्थिति और गंभीर हो गई। वाहन चालक घंटों तक भीषण गर्मी में फंसे रहे और गाड़ियां रेंगते हुए आगे बढ़ती नजर आईं। स्थिति की गंभीरता तब सामने आई जब मरीजों को लेकर जा रही कई एम्बुलेंस भी जाम में फंस गईं। जाम के कारण एम्बुलेंस समय पर आगे नहीं बढ़ सकीं, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कई मरीजों की हालत बिगड़ने की आशंका के बीच परिजन लगातार रास्ता खुलवाने का प्रयास करते रहे। हाईवे की बदहाल स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों और वाहन चालकों ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) के प्रति नाराजगी जताई। ग्रामीणों का कहना है कि हाईवे पर बने गहरे गड्ढों की शिकायत कई बार संबंधित अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। उनका आरोप है कि समय रहते मरम्मत कार्य नहीं होने के कारण आए दिन दुर्घटनाओं और जाम की स्थिति बन रही है। लोगों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग जैसी महत्वपूर्ण सड़क पर इस तरह की स्थिति न केवल यात्रियों के लिए परेशानी का कारण है, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने एनएचएआई से तत्काल सड़क की मरम्मत कर गड्ढों को भरवाने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने की मांग की है। जाम की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को नियंत्रित करने के प्रयास शुरू किए। हालांकि सड़क की खराब हालत के कारण वाहनों की आवाजाही सामान्य होने में काफी समय लगा। देर शाम तक भी वाहन चालकों को धीमी गति से गुजरना पड़ा। हाईवे पर दिनभर बनी इस अव्यवस्था ने एक बार फिर सड़क रखरखाव और यातायात सुरक्षा को लेकर संबंधित एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## उप जिला चिकित्सालय भवन के लिए 43.97 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति

### विधायक खंडेलवाल का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** राजस्थान सरकार की ओर से बिजौलियां में उप जिला चिकित्सालय भवन निर्माण के लिए 43.97 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति जारी करने पर समस्त क्षेत्रवासियों और कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। इस सौगात के लिए एचवीएस स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में विधायक गोपाल खंडेलवाल का साफा पहना कर व माल्यार्पण कर स्वागत-सम्मान करने के साथ ही क्षेत्रवासियों की ओर से आभार व्यक्त किया गया। वहीं विधायक गोपाल खंडेलवाल की मौजूदगी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 134 वें संस्करण का सामूहिक श्रवण किया गया। मन की बात कार्यक्रम के विधानसभा संयोजक हितेंद्र सिंह राजोरा सहित भाजपा के कार्यकर्ता-पदाधिकारी, कई प्रबुद्ध जन और मातृशक्ति उपस्थित रही।

## श्रीकृष्ण ने दिया प्रकृति प्रेम और अहंकार त्याग का संदेश



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** सैंपऊ रोड स्थित एक मैरिज होम में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठे दिन कथा व्यास पूज्य सर्वेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने गोवर्धन पूजा, रासलीला, कंस वध और रुक्मिणी विवाह प्रसंगों की व्याख्या करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और सदाचार का संदेश दिया। कथाव्यास ने कहा कि गोवर्धन पूजा प्रसंग मानव को प्रकृति प्रेम, पर्यावरण संरक्षण और अहंकार त्याग की प्रेरणा देता है। वहीं रासलीला को जीवात्मा और परमात्मा के दिव्य मिलन का प्रतीक बताया। कंस वध प्रसंग के माध्यम से उन्होंने कहा कि अंततः सत्य और धर्म की ही विजय होती है। रुक्मिणी विवाह प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने इसे निश्छल भक्ति और समर्पण का प्रतीक बताया। कथा के दौरान भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। समापन पर मुख्य आयोजक महाराम शर्मा व उमा शर्मा सहित श्रद्धालुओं ने व्यास पीठ की आरती उतारी तथा महाराज श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद भक्तों को महाप्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## 18 जुलाई को निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा, पोस्टर का विमोचन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) की ओर से 18 जुलाई को आयोजित होने वाली भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा के पोस्टर का विमोचन रविवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम विष्णु नाम प्रभु जी के सान्निध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विष्णु नाम प्रभु जी ने बताया कि 18 जुलाई को धौलपुर में भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। रथयात्रा गंगाबाई की गली से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी तथा भक्ति और आध्यात्मिकता का संदेश देगी। उन्होंने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से रथयात्रा में शामिल होने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान विष्णु नाम प्रभु जी ने आध्यात्मिक प्रवचन देते हुए भक्ति और सत्संग के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं भक्त मंडली की ओर से प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं व अतिथियों को प्रसाद वितरण किया गया। पोस्टर विमोचन समारोह में रविंद्र जादौन, विकास सिंह, दामोदर संजय शर्मा, वीरेंद्र उपाध्याय, मनोज शर्मा, पदम गर्ग, पप्पे मोदी, मोहित सिंह, तोरण सिंह, सुमित राणा, अशोक शर्मा, दुर्गेश गर्ग, कुसुम अग्रवाल, रेखा शर्मा, प्रीति शर्मा सहित हरे नाम टीम के सदस्य एवं अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने नगरवासियों से रथयात्रा में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया।

## महंगाई और नीट पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस की महारैली आज

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** बढ़ती महंगाई और नीट-2026 पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस सोमवार को सुमेरपुर में 'हल्ला बोल महारैली' निकालेगी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आयोजित इस कार्यक्रम में महारैली, धरना-प्रदर्शन, जनसभा और पुतला दहन किया जाएगा। कांग्रेस नेता हरिशंकर मेवाड़ा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा प्रभारी मकसूद अहमद सहित पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भाग लेंगे। सुबह 9 बजे शास्त्री सर्कल स्थित आर्य समाज स्कूल से महारैली शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए उपखंड कार्यालय पहुंचेगी, जहां धरना-प्रदर्शन और जनसभा आयोजित होगी। इसके बाद राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर नीट पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच और महंगाई पर नियंत्रण की मांग की जाएगी।

**ई - निविदा सूचना / 2026-27**

ग्राम पंचायत भौनावास, पंचायत समिति पावटा, कोटपुतली - बहरोड़ में राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में निर्माण कार्यों हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत प्रतिष्ठानों / संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-निविदाये आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण eproc.rajasthan.gov.in व upload/download की व देखी जा सकती है।

UBN NO- ZJP2627WSRC00479

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत भौनावास

प्रशासक
ग्राम पंचायत भौनावास

## बाबूलाल के अध्यक्ष बनते ही जालोर भाजपा एससी मोर्चा सक्रिय

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा का एडवोकेट बाबूलाल मेघवाल को जालोर जिले का नया जिलाध्यक्ष बनाने के बाद कार्यकर्ताओं में सक्रियता एकाएक बढ़ने लगी है। इसका असर रविवार को ही देखने को मिला। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम 134 वें संस्करण के दौरान एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष बाबूलाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में एससी मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने एससी मोर्चा के पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मोहनलाल चिवड़ा के आवास पर प्रधानमंत्री की बात सुनी। इस दौरान मोर्चा के अनुभवी व युवा ऊर्जावान कार्यकर्ताओं की एकजुटता दिखी। इस दौरान जिलाध्यक्ष बाबूलाल ने कहा कि प्रधानमंत्री की बातों को सुनने के बाद उनका अनुसरण भी हमें करना है, साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को गांव के लोगों तक पहुंचाते हुए उन्हें लाभान्वित करने की भी हम सब की जिम्मेदारी है। बाबूलाल ने कहा कि एससी मोर्चा अनुभवी व युवा कार्यकर्ताओं की एकजुटता के साथ काम करेगा। इस दौरान पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मोहनलाल चिवड़ा ने कहा कि जिले के दूर दराज क्षेत्रों में निवासरत अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित कर उनकी समस्याओं एक निराकरण करते हुए हमें पार्टी की नीतियों से उन्हें जोड़ने की आवश्यकता है। इस जिलाध्यक्ष का अभिनन्दन भी किया गया। इस दौरान खेताराम मेघवाल, बगदाराम मेघवाल, नरपत वाल्मीकि, पिंटू जीनगर, रमेश बारूपाल, अचलाराम मेघवाल, भंवरलाल मेघवाल, रमेश मेघवाल मांडवला, दिनेश कुमार बारौठ, एडवोकेट पिंटुकुमार, खीमाराम मेघवाल, मीठाराम मेघवाल समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष बनने के बाद कार्यकर्ताओं के साथ बाबूलाल मेघवाल ने रविवार को मुख्य सचेतक व जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग के आवास पर पहुंचकर आशीर्वाद लिया। गर्ग ने उन्हें जिले में संगठन को मजबूती प्रदान करने व जरूरतमंद लोगों की समस्याओं से अवगत करवाने की सलाह दी।

## वंदे गंगा अभियान के तहत निकली प्रभात फेरी, विद्यार्थियों ने दिया जल संरक्षण का संदेश

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत रविवार सुबह जिले में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं नागरिकों की सहभागिता से प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी के माध्यम से आमजन को जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, वर्षा जल संचयन तथा प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने हाथों में बैनर, पोस्टर और तख्तियां लेकर नगर के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण किया तथा जल संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। इस दौरान 'जल है तो कल है', 'हर बूंद अनमोल है' और 'जल बचाओ-भविष्य बचाओ' जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। विद्यार्थियों ने आमजन को जल के महत्व की जानकारी देते हुए इसके विवेकपूर्ण उपयोग की अपील की। वक्ताओं ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या, गिरते भूजल स्तर और जल स्रोतों के अत्यधिक दोहन के कारण




जल संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। उन्होंने वर्षा जल संचयन अपनाने, जल की बर्बादी रोकने, पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण तथा अधिकाधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। प्रभात फेरी के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने जल व पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते हुए जल बचाने और जन-जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने जनभागीदारी को अभियान की सफलता की कुंजी बताते हुए इसे जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

## गौ सेवा समिति ने चलाया स्वच्छता अभियान, युवाओं ने किया श्रमदान

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** श्री कृष्णा गौ सेवा समिति के सानिध्य में रविवार को तोप तिराहा स्थित इंदिरा गांधी पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में समिति से जुड़े युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए श्रमदान किया और पार्क की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के दौरान युवाओं ने पार्क परिसर से कचरा हटाकर उसे स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में योगदान दिया। साथ ही सभी ने सार्वजनिक स्थलों की नियमित साफ-सफाई बनाए रखने तथा समय-समय पर ऐसे अभियान चलाने का संकल्प लिया। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि यह अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी प्रयास है। उन्होंने नगरवासियों से अपने आसपास के सार्वजनिक स्थलों, पार्कों एवं अन्य स्थानों की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण ही स्वस्थ समाज की पहचान है। अभियान में नीतेश गुप्ता, दिलीप मित्तल, चिराग भारद्वाज, मुकेश गर्ग, धर्मेंद्र बिलोनिया, कमल सैनी, आकाश सैनी, आकाश पाराशर, शिवम गोयल, कार्तिक मित्तल, अभिषेक त्यागी, गोविंद त्यागी, लखन, उपेंद्र पाठक एवं मुकेश यादव सहित कई युवाओं ने सक्रिय सहयोग दिया। समिति ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।



## ममोधन प्रीमियर लीग-2026 का शुभारंभ, खिलाड़ियों में दिखा उत्साह



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** ग्राम ममोधन में आयोजित ममोधन प्रीमियर लीग (एमपीएल)-2026 का शुभारंभ रविवार को उत्साह और खेल भावना के साथ हुआ। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उनके आगमन पर ग्रामीणों, युवाओं और आयोजन समिति के सदस्यों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर नीरजा शर्मा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया। आयोजन समिति ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना है। उद्घाटन मैच चीत और जारगा की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें जारगा की टीम विजेता रही। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 31 हजार रुपए तथा उपविजेता टीम को 15 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों खेल प्रेमियों, युवाओं और ग्रामीणों की मौजूदगी से मैदान में उत्सव जैसा माहौल रहा। आयोजन समिति के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। आयोजन को खेल, उत्साह और जनसहभागिता का अनूठा संगम बताते हुए स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना गया।

## पीएम स्वनिधि ऋण मेला आज से, छोटे कारोबारियों को मिलेगा आसान ऋण

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत छोटे कारोबारियों, रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं व असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए नगर पालिका सुमेरपुर की ओर से 1 जून से 30 जून तक विशेष ऋण मेला एवं स्वनिधि महोत्सव आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम नगर पालिका सभागार में प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को आयोजित होगा। अधिशासी अधिकारी नरपत सिंह राजपुरोहित ने बताया कि योजना का उद्देश्य छोटे व्यापारियों और स्वरोजगार से जुड़े लोगों को आर्थिक संबल प्रदान करना है। इसके तहत पात्र लाभार्थियों को चरणबद्ध तरीके से ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वे अपने व्यवसाय का विस्तार कर आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने बताया कि स्ट्रीट वेंडर्स, भवन निर्माण श्रमिक, ट्रांसपोर्ट वर्कर्स, रैग पिकर्स तथा अन्य असंगठित क्षेत्र के लोग इस योजना का लाभ उठा सकेंगे। नगर पालिका का प्रयास है कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। नगर पालिका प्रशासन ने आमजन से योजना का अधिकतम लाभ लेने तथा जरूरतमंद लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की है। योजना से संबंधित जानकारी के लिए नगर पालिका कार्यालय अथवा हेल्पलाइन नंबर 8741002567 पर संपर्क किया जा सकता है

# खेल विभाग ने निकाली जागरूकता रैली, वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान सरकार के महत्वाकांक्षी वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत खेल विभाग की ओर से जिले में जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक विशाल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में विभिन्न खेल संगठनों के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं खेल प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और जल बचाने का संदेश दिया। रैली को भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां खिलाड़ियों ने जल संरक्षण से संबंधित नारे लगाकर आमजन को जल बचाने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया।



इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सत्येंद्र पाराशर ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित एवं खुशहाल भविष्य के लिए जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जल संकट एक गंभीर वैश्विक चुनौती बनता जा रहा है, इसलिए प्रत्येक नागरिक को पानी के महत्व को समझते हुए इसके संरक्षण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे वर्षा जल संचयन को अपनाएं, जल स्रोतों को स्वच्छ रखें तथा अनावश्यक जल व्यर्थ होने से रोकें।

पाराशर ने कहा कि प्राकृतिक जल स्रोत हमारी अमूल्य धरोहर हैं और इनकी सुरक्षा करना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने बताया कि पृथ्वी पर उपलब्ध पेयजल की मात्रा सीमित है, इसलिए हमें इसका विवेकपूर्ण उपयोग करना चाहिए। उन्होंने राजस्थान सरकार की ओर से चलाए जा रहे वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान की सराहना करते हुए इसे जनभागीदारी से सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार जल संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि जन आंदोलन है, जिसका उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने स्तर पर जल बचाने का संकल्प ले तो भविष्य में जल संकट की समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है। डिप्टी फिजिकल बृजेंद्र कोली ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ी समाज के लिए प्रेरणा स्रोत होते हैं और उन्हें सामाजिक सरोकारों से जुड़े अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने खिलाड़ियों की ओर से अभियान में दिखाई गई सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। रैली के दौरान खिलाड़ियों ने 'जल है तो कल है', 'पानी बचाओ, जीवन बचाओ' तथा 'हर बूंद कीमती है' जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में खेल विभाग के अमृतलाल, मोहम्मद जाकिर हुसैन, संदीप राना सहित विभिन्न खेल संगठनों के खिलाड़ी, प्रशिक्षक व नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। आयोजकों ने बताया कि वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत आगामी दिनों में भी विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इस महत्वपूर्ण अभियान से जोड़ा जा सके।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
01 जून, 2026

## वंदे गंगा अभियान कार्यक्रम में राज्य मंत्री सुथार ने की शिरकत



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** वंदे गंगा जल सरंक्षण जन अभियान के तहत रविवार को नगर परिषद विश्वकर्मा बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार के सनिध्य में नाथोतालाब स्थित ग्रीन स्पेस पार्क में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके तहत महिलाओं की ओर से कलश पूजा, कलश यात्रा, दीपदान, रंगोली, जलस्रोतों की सफाई व विभिन्न गतिविधियां हुई। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता संतोष मेघवाल, पूर्व खनिज मंत्री खेमाराम मेघवाल, मंडल भाजपा अध्यक्ष विनय माटोलिया, भाजपा नेता बाबूलाल कुलदीप, एडवोकेट मनीष दाधीच, वैद्य भंवरलाल शर्मा, पवन माहेश्वरी आदि मंचस्थ रहे। कार्यवाहक आयुक्त गिरधारीलाल पारीक ने आयोजकीय पृष्ठभूमि को रेखांकित किया। वहीं राज्य मंत्री व अन्य अतिथियों ने अभियान के महत्व को रेखांकित किया। आयुक्त के निर्देशानुसार एस बी एम अभियंता भूपेन्द्र सिंह, स्टोर शाखा प्रभारी त्रिलोकचंद की देखरेख में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर सहायक अभियंता विक्रम जोरवाल, आर आई मुन्नालाल मीणा, सफाई निरीक्षक ओमप्रकाश स्वामी, सुनील विश्नोई, देविका, यतेंद्र सिंह राठौर, कृष्ण शर्मा, सरिता, मनीषा और समस्त कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित रहे। संचालन गौरव इंदोरिया ने किया।

## बीकानेर से दिल्ली रवाना हुए केंद्रीय मंत्री मेघवाल और डॉ. सतीश पूनियां, हरियाणा दौरे पर जाएंगे



जयपुर टाइम्स

**बीकानेर(निस)।** केंद्रीय कानून व संसदीय कार्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल तथा भाजपा हरियाणा प्रभारी व भाजपा राजस्थान के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने रविवार को ट्रेन द्वारा बीकानेर से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान किया। दोनों नेताओं ने यात्रा के दौरान विभिन्न संगठनात्मक व समसामयिक विषयों पर चर्चा की। नई दिल्ली पहुंचने के बाद डॉ. सतीश पूनियां हरियाणा के लिए रवाना हुए। वे दो दिवसीय हरियाणा व दिल्ली प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे भाजपा संगठन से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों, बैठकों व कार्यकर्ताओं से संवाद कार्यक्रमों में भाग लेंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार डॉ. पूनियां अपने प्रवास के दौरान संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करने के साथ-साथ आगामी कार्यक्रमों को लेकर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे। वहीं केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल भी नई दिल्ली में निर्धारित शासकीय व राजनीतिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने दोनों नेताओं के सफल प्रवास की कामना करते हुए इसे संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण दौरा बताया।

## 10 दिन से पानी को तरसे ग्रामीण, ओवरफ्लो टंकी से व्यर्थ बह रहा जल; लोगों में रोष

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** तहसील के गांव भानुदा व थामड़ा की ढाणी के ग्रामीण पिछले 10 दिनों से पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। सैकड़ों घरों में पानी की आपूर्ति बंद होने से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। मजबूरन ग्रामीणों को खरीदकर पानी पीना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर गांव भानुदा बीदावतान स्थित उच्च जलाशय से पानी ओवरफ्लो होकर व्यर्थ बह रहा है, जिससे लोगों में जलदाय विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ गई है। ग्रामीणों के अनुसार जलाशय से लगातार पानी बहने का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। सूचना मिलने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और विभागीय कार्यप्रणाली पर आक्रोश जताया। उनका कहना है कि जब गांव में पेयजल की एक-एक बूंद के लिए लोग परेशान हैं, तब टंकी से पानी का यूं व्यर्थ बहना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। ग्रामीण प्रदीप शर्मा ने बताया कि आपणी योजना का पानी राजलदेसर से उच्च जलाशय तक पहुंच रहा है। टंकी भरने के बाद पानी ओवरफ्लो हो रहा है, लेकिन संबंधित कर्मचारी द्वारा गांव में जलापूर्ति शुरू नहीं की जा रही है। इससे उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जलदाय विभाग से तत्काल नियमित जलापूर्ति शुरू करने तथा पानी की बर्बादी रोकने की मांग की है। साथ ही लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी उठाई है।

## आंधी में उखड़ा टिन शेड पड़ोसी के घर पर गिरा, महिला समेत तीन घायल

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** उपखंड क्षेत्र के बांगड़ी गांव में रविवार को आई तेज आंधी के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। आंधी के कारण एक मकान की छत पर लगा लोहे का टिन शेड उखड़कर पड़ोसी के घर पर जा गिरा, जिससे महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां एक महिला के सिर में गंभीर चोट आने पर 20 टांके लगाने पड़े। जानकारी के अनुसार कानाराम के मकान पर लगा टिन शेड तेज हवा के चलते उखड़ गया और कुछ दूरी पर स्थित राजाराम परमार के घर पर जा गिरा। हादसे के समय परिवार के सदस्य घर के अंदर मौजूद थे। अचानक हुए इस हादसे में मकान का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया तथा लोहे के ढांचे और मलबे की चपेट में आने से तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद घर से चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मलबा हटाकर घायलों को बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों का उपचार जारी है। सूचना मिलने पर क्षेत्रीय पटवारी दिनेश कुमार मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त मकान का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन किया। उन्होंने राहत सहायता के लिए रिपोर्ट तैयार कर संबंधित अधिकारियों को भेजने की प्रक्रिया शुरू की। हादसे के बाद ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने तथा आपदा राहत कोष से मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है। वहीं ग्रामीणों ने तेज आंधी और बारिश के मौसम को देखते हुए कमजोर टिन शेड एवं अस्थायी ढांचों की जांच कराने की भी मांग उठाई है।

# द्रव्यवती नदी के संरक्षण, स्वच्छता, सौंदर्यकरण और सतत विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता : कलक्टर

### द्रव्यवती को बनाएंगे देश की आदर्श शहरी नदी, हर माह होगी विकास कार्यों की समीक्षा

### कलक्टर संदेश नायक ने दिए सभी विभागों को सामंजस्य से कार्य करने के निर्देश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजधानी जयपुर की जीवनरेखा मानी जाने वाली द्रव्यवती नदी को स्वच्छ, सुंदर, अतिक्रमण मुक्त और पर्यावरणीय दृष्टि से समृद्ध बनाने की दिशा में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने ठोस कदम बढ़ाए हैं। इसी कड़ी में द्रव्यवती नदी के समग्र विकास, संरक्षण, स्वच्छता और सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा के लिए महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें नदी के सतत विकास के लिए प्रतिमाह समीक्षा बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

18 मई को आयोजित दिशा बैठक में लिए गए निर्णयों की अनुपालना में आयोजित इस समीक्षा बैठक में जयपुर सांसद मंजू शर्मा, जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, जिला कलक्टर संदेश नायक, जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा जयपुर विकास प्राधिकरण एवं नगर निगम जयपुर के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में जयपुर विकास प्राधिकरण और नगर निगम जयपुर की ओर से द्रव्यवती नदी के संरक्षण, रखरखाव, स्वच्छता, सौंदर्यकरण एवं जनसुविधाओं के विस्तार के लिए तैयार की गई कार्ययोजना का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। अधिकारियों ने नदी क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों, प्रस्तावित परियोजनाओं तथा भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी।

जनप्रतिनिधियों ने द्रव्यवती नदी को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह केवल एक नदी नहीं, बल्कि जयपुर के पर्यावरणीय संतुलन और शहरी विकास का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने विकास कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिमाह समीक्षा बैठक आयोजित करने का सुझाव दिया, जिससे परियोजनाओं की प्रगति पर नियमित निगरानी रखी जा सके।

बैठक में यह भी तय किया गया कि आगामी समीक्षा बैठक में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल तथा रीको के अधिकारी भी प्रस्तुतीकरण देंगे। इसमें नदी के जल की गुणवत्ता, पर्यावरण संरक्षण, औद्योगिक गतिविधियों के प्रभाव तथा नदी पुनर्जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इससे विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा।

जिला कलक्टर संदेश नायक ने बैठक में प्राप्त सुझावों का स्वागत करते हुए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि द्रव्यवती नदी के संरक्षण, स्वच्छता, सौंदर्यकरण और सतत विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। नियमित समीक्षा बैठकों और विभागीय समन्वय के माध्यम से द्रव्यवती नदी को देश की आदर्श शहरी नदियों में शामिल करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया कि नदी क्षेत्र में हरित विकास, जनसुविधाओं का विस्तार, स्वच्छता व्यवस्था की मजबूती तथा पर्यावरणीय संरक्षण के उपायों को समानांतर रूप से आगे बढ़ाया जाए, ताकि द्रव्यवती नदी भविष्य में जयपुर के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और आकर्षक पर्यावरणीय धरोहर के रूप में स्थापित हो सके।

## जल केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधारः सहारण

### महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा, जल व पौधारोपण से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में संपूर्ण प्रदेश में चलाए जा रहे वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत शनिवार को चूरू के निकटवर्ती ग्राम बूंटिया के रा.उ.मा. विद्यालय में जल पूजन व पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हरलाल सहारण रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम धीरज झाझड़िया ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अभिषेक चोटिया रहे। इस दौरान अधिकारियों- जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को जल व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि भावी पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य के लिए जल संरक्षण सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने ग्रामीणों से वर्षा जल संचयन, जल के विवेकपूर्ण उपयोग तथा अधिकाधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जल केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। बदलते पर्यावरण परिदृश्य में जल संरक्षण करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से ही प्रदेश सरकार के जल संरक्षण के प्रयास सफल होंगे और इससे आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित होगा। उपखंड अधिकारी धीरज झाझड़िया ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से चलाया जा रहा वंदे गंगा अभियान जनभागीदारी के माध्यम से जल संरक्षण की संस्कृति को मजबूत बनाने का प्रयास है। उन्होंने ग्रामीणों को जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर महिलाओं ने गांव के मंदिर से विद्यालय परिसर तक कलश यात्रा निकाली और मंगल गीत गाते हुए जल के सांस्कृतिक महत्व के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में अतिथियों व ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से जल पूजन एवं पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण तथा जल स्रोतों के संवर्धन का संकल्प लिया। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी मनोज मीणा, सहायक अभियंता अशोक कुमार ढ़ाका, वाटरशेड सहायक अभियंता जुगल किशोर, बंशीधर, डॉ. निरंजन चिरानिया, लालचंद फौजी, हेतराम, दिलीप स्वामी, सुरेंद्र ढ़ाका, कनिष्ठ अभियंता प्रवीणा कानखेड़िया, ओमप्रकाश प्रजापत, सुनील ढ़ाका, विजय कस्वां, चंद्रकला, संजय, मनीराम, नोरतमल सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## भीषण गर्मी में राहगीरों को शीतल जल व शरबत, जल संरक्षण का दिया संदेश

जयपुर टाइम्स



**फुलेरा(निस)।** राज्य सरकार के 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026' के तहत नगरपालिका फुलेरा की ओर से अंबेडकर सर्किल बस स्टैंड पर निशुल्क शीतल पेयजल एवं शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भीषण गर्मी और लू के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों यात्रियों, राहगीरों, श्रमिकों एवं स्थानीय नागरिकों ने शीतल जल ग्रहण कर राहत महसूस की।

कार्यक्रम के दौरान लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए जल के महत्व की जानकारी दी गई। पालिका अधिशाषी अधिकारी शिवराज कृष्णा ने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना ही नहीं, बल्कि लोगों को जल के महत्व का एहसास कराना भी है। उन्होंने कहा कि जल जीवन का आधार है और इसकी प्रत्येक बूंद अनमोल है। वर्तमान समय में जल संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वास्थ्य निरीक्षक राकेश कुमार ने कहा कि बढ़ती गर्मी और घटते जल स्रोतों को देखते हुए जल संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। उन्होंने आमजन से वर्षा जल संचयन अपनाने, जल का सदुपयोग करने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में पालिका अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस दौरान नागरिकों को जल संरक्षण, पारंपरिक जल स्रोतों के संवर्धन तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही जल की बर्बादी रोकने और जल बचाने का संकल्प दिलाया गया। उल्लेखनीय है कि 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026' के तहत 25 मई से 5 जून तक प्रदेशभर में विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। फुलेरा में आयोजित यह कार्यक्रम लोगों को गर्मी से राहत पहुंचाने के साथ-साथ जल संरक्षण के प्रति जनचेतना जागृत करने में भी प्रभावी साबित हुआ।

## वंदे गंगा जन अभियान में प्रभात फेरी, श्रमदान, जल सेवा और दीपोत्सव; सिंहप्रस्थ तालाब बना जनजागरण का केंद्र

जयपुर टाइम्स




**सुमेरपुर(निस)।** जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026 के तहत रविवार को सुमेरपुर में जागरूकता और जनभागीदारी का अनूठा संगम देखने को मिला। नगर पालिका सुमेरपुर के तत्वावधान में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों ने शहरवासियों को जल बचाने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का सामूहिक संदेश दिया। अभियान की शुरुआत गांधी मूर्ति से निकली विशाल प्रभात फेरी और जागरूकता रैली से हुई। जल संरक्षण के नारों के साथ निकली रैली सिंहप्रस्थ तालाब होते हुए विवेकानंद बस स्टैंड पहुंची। रैली में जनप्रतिनिधियों, महिलाओं, युवाओं, विद्यार्थियों तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर जल बचाने का संकल्प दोहराया। अभियान का मुख्य आकर्षण सिंहप्रस्थ तालाब पर आयोजित श्रमदान कार्यक्रम रहा, जहां जनप्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं और विद्यार्थियों ने स्वयं श्रम कर जल स्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया। इसके साथ ही विवेकानंद बस स्टैंड पर जल सेवा कार्यक्रम आयोजित कर राहगीरों को पेयजल उपलब्ध कराया गया। नगर पालिका ने अभियान के तहत शहर में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं की विशेष साफ-सफाई कर स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश भी दिया। शाम को सिंहप्रस्थ तालाब पर दीप प्रज्वलन व आकर्षक रंगोली कार्यक्रम ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक और प्रेरणादायक बना दिया। जल स्रोत के किनारे सजे दीपों ने लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। अधिशासी अधिकारी नरपत सिंह राजपुरोहित ने कहा कि जल संरक्षण केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का आधार है। समाज की सक्रिय भागीदारी से ही जल संकट जैसी चुनौती का स्थायी समाधान संभव है। कार्यक्रम में तहसीलदार हिमांशु कच्छवाहा, भाजपा ओबीसी प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश कुमार राखेचा, भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री दीपक भाटी, भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेश मंत्री दिनेश मीणा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पूनमसिंह परमार, भाजपा जिला मंत्री दिनेश सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष गौरव राजपुरोहित, भाजपा नेता विनोद पारख, जेडआरयूसीसी सदस्य छगन सैन सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

## जांगिड़ ब्राह्मण महासभा की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह

जयपुर टाइम्स





**सांगानेर(निस)।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा की तहसील सभा सांगानेर की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को प्रताप नगर स्थित इन्द्रप्रस्थ गार्डन में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान विश्वकर्मा के पूजन व आरती के साथ हुआ। इसके बाद अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया गया तथा नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को विधिवत शपथ दिलाई गई। समारोह में प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पवार, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय हर्सवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष बाबूलाल कपूरावाले, जिला अध्यक्ष मुकेश झाझड़वाल तथा तहसील सभा के पूर्व अध्यक्ष चौथमल जांगिड़ सहित अनेक वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन समाज के प्रवक्ता मोहनजी ने किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में समाज की एकता, शिक्षा, संगठनात्मक मजबूती व युवा पीढ़ी की भागीदारी पर बल देते हुए नव नियुक्त पदाधिकारियों को समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठित समाज ही सामाजिक व शैक्षणिक प्रगति का आधार बन सकता है। कार्यक्रम में विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारी, समाज के वरिष्ठजन, महिला व युवा प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे। अंत में भोजन प्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजकों ने समारोह को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी समाजबंधुओं का आभार व्यक्त किया।

# न्यामा मंदिर में महंत पद को लेकर दिनभर चला विवाद, दूसरे मंदिर में लक्ष्मीकांत दास की चादरपोशी

जयपुर टाइम्स





**लक्ष्मणगढ़(निस)।** शहर के प्राचीन एवं ऐतिहासिक न्यामा मंदिर में शनिवार को महंत पद की चादरपोशी को लेकर दिनभर विवाद की स्थिति बनी रही। पूर्व महंत महावीरदास के निधन के बाद उनके उत्तराधिकारी की घोषणा को लेकर परिवार के दो पक्ष आमने-सामने हो गए। विवाद की आशंका को देखते हुए प्रशासन और पुलिस का भारी जाब्ता सुबह से ही मंदिर परिसर में तैनात रहा। प्रशासनिक अधिकारियों ने दोनों पक्षों के बीच सहमति बनाने के प्रयास किए, लेकिन देर शाम तक कोई समाधान नहीं निकल सका। इसके बाद दिवंगत महंत की वसीयत के आधार पर लक्ष्मीकांत दास की चादरपोशी शहर के नगरधणी रघुनाथजी बड़ा मंदिर में संपन्न कराई गई। महंत अशोक रघुनाथदास महाराज के सान्निध्य में आयोजित समारोह में जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। चादरपोशी के बाद समर्थकों ने लक्ष्मीकांत दास का गाजे-बाजे के साथ जुलूस निकाला और उन्हें रघुनाथजी बड़ा मंदिर से न्यामा मंदिर लेकर पहुंचे। हालांकि मंदिर पहुंचने पर विरोधी पक्ष ने फिर आपत्ति जताई, जिसके चलते प्रशासन ने एहतियातन लक्ष्मीकांत दास को अपनी सुरक्षा में मंदिर परिसर स्थित महंत निवास तक पहुंचाया। वहां परंपरानुसार परिवार की महिलाओं ने उनका आरती कर स्वागत किया।

**वसीयत को लेकर शुरू हुआ विवादः** जानकारी के अनुसार दिवंगत महंत महावीरदास ने सितंबर 2025 में लिखी वसीयत में अपने भाई सीताराम के पोते लक्ष्मीकांत पुत्र माधवेन्द्र को अपना शिष्य और उत्तराधिकारी घोषित किया था। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शनिवार को उनकी चादरपोशी होनी थी, लेकिन महावीरदास के दूसरे भाई श्रीराम द्वारा वसीयत पर आपत्ति जताने के बाद विवाद गहरा गया।

**मंदिर की संपत्ति भी चर्चा का केंद्रः** न्यामा मंदिर रामानन्दी संप्रदाय की लश्करी शाखा का प्रमुख धार्मिक स्थल है और इसके अधीन बड़ी मात्रा में चल-अचल संपत्ति बताई जाती है। मंदिर से जुड़े सूत्रों के अनुसार खुड़ी बड़ी क्षेत्र में करीब 100 बीघा तथा सीकर रोड पर लगभग 60 बीघा भूमि के अलावा न्यामा बाजार में कई किरायेदार दुकानें मंदिर ट्रस्ट के अधीन हैं। इसी कारण महंत पद को लेकर विवाद को संपत्ति से भी जोड़कर देखा जा रहा है।

**कई थानों का पुलिस जाब्ता तैनातः** संभावित तनाव को देखते हुए लक्ष्मणगढ़, सीकर, फतेहपुर, नेछवा और बलारां थाना पुलिस के अलावा विशेष पुलिस टीमों को भी तैनात किया गया। मौके पर उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा, प्रशिक्षु आरपीएस नरेश राठी, तहसीलदार फारुख अली तथा थानाधिकारी राजकुमार यादव लगातार मौजूद रहे और दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास करते रहे। समाचार लिखे जाने तक स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सकी थी।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।